कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 358, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 24 जनवरी 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सरकार ने अब तक सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत नहीं दिया : दिग्विजय सिंह

## सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस ने मांगे सबूत

**जम्मू:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सोमवार को 2016 में हुए सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया। उन्होंने जम्मू में कहा कि सरकार ने अब तक सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत नहीं दिया है। केंद्र सरकार सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में बात करती है कि हमने इतने लोग मार गिराए हैं, लेकिन सबूत कुछ नहीं है। दिग्विजय ने सर्जिकल स्ट्राइक के अलावा 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले को लेकर भी प्रधानमंत्री को घेरा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पुलवामा हमले के वक्त उपद्धत्रऋ अफसरों ने कहा था कि जवानों को एयरक्राफ्ट से मूवमेंट कराया जाए, पर प्रधानमंत्री नहीं माने। बता दें कि 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा गैरजिम्मेदाराना बयान देना कांग्रेस पार्टी का चरित्र है। हमारे सुरक्षा बलों के खिलाफ बोलने वाले किसी को भी देश बर्दाश्त नहीं करेगा। पीएम मोदी से नफरत के कारण राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह में अब देशभक्ति नहीं बची है। जब भी हमारी वीर सेना अपना पराक्रम दिखाती है तो सबसे अधिक दर्द उस देश को होता है जिसको सबक सिखाया जाता है, जो



विश्व में अपनी आतंकी गतिविधियों को लेकर जाना जाता है। लेकिन यह दुखद है कि दर्द भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को होता है।

**केंद्र केवल झूठ फैला रहा:** जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिग्विजिय सिंह बोले- केंद्र ने संसद में अब तक पुलवामा हमले और सर्जिकल स्ट्राइक की रिपोर्ट नहीं दी है। भाजपा की सरकार केवल झूठ फैला रही है। हमारे 40 जवान पुलवामा में शहीद हो गए। सीआरपीएफ के डायरेक्टर ने मांग की थी कि यह संवेदनशील जोन है। जवानों को हवाई जहाज से श्रीनगर भेजा जाए, लेकिन मोदी जी ने मना कर दिया। सरकार ने जानकर ऐसा किया। वहां हर गाड़ी की चेकिंग होती है तो फिर स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच क्यों नहीं हुई, जिसके टकराने से ब्लास्ट हुआ।

**370 हटने का फायदा हुआ? आतंकवाद राजौरी तक फैल गया**

कांग्रेस नेता ने कहा कि 370 हटने से फायदा किसका हुआ? कहते थे आतंकवाद खत्म हो जाएगा, हिंदुओं का बोलबाला हो जाएगा।



### भाजपा ने दिया दिग्विजिय सिंह के सवाल का जवाब

**बीजेपी** ने कांग्रेस नेता दिग्विजिय सिंह के सवाल का जवाब दिया है। पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा- जब भी हमारी वीर सेना पराक्रम दिखाती है तो सबसे ज्यादा दर्द उस देश को होता है जिसको सबक सिखाया जाता है, जो विश्व में अपनी आतंकी गतिविधियों को लेकर जाना जाता है। लेकिन यह दुखद है कि दर्द भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को होता है।

## यूपी: स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की तैयारी

**लखनऊ: प्रदेश** में पहले जहां हर बड़ी बीमारी का उपचार राजधानी या अन्य बड़े शहरों में ही होता था वहीं अब कई बड़े ऑपरेशन व इलाज जनपद या मण्डल पर भी मुमकिन हो पा रहे हैं। इसमें आयुष्यमान योजना का काफी योगदान है। हमने प्रगति की है लेकिन अभी और काम करना होगा। यह बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। यह कार्यशाला प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा की उत्कृष्टता के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर प्रदेशवासी की बीमारी के हिसाब से उसका इलाज और उससे संबंधित निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी स्वास्थ्य व्यवस्था को मिसाल के रूप में स्थापित करने के लिए हमें ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में मध्यम व तृतीय स्तर की सेवा देने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। उन्होंने कहा कि आज यह एक अच्छा संयोग है कि यहां स्वास्थ्य विभाग और निजी क्षेत्र के कई बड़े समूह उपस्थित हैं। मुझे उम्मीद है कि आज के इस मंथन के बाद निजी क्षेत्र की भूमिका आसान व प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर एक जिला में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहा है। यहां मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल कालेजों में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं हैं। साथ ही दवा उत्पादन, डायग्नोसिस, डायलिसिस और चिकित्सालयों के निर्माण आदि में निवेश की भी बड़ी संभावना है।

## परमवीरों के नाम पर अंडमान-निकोबार के 21 द्वीप

### 21 नए नामित द्वीप युवा पीढ़ियों के लिए निरंतर प्रेरणा के स्रोत होंगे: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मारक और 21 नए नामित द्वीप युवा पीढ़ियों के लिए निरंतर प्रेरणा के स्रोत होंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन आज दिल्ली-बंगाल से लेकर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह तक पूरा देश नेताजी से जुड़ी विरासत को सहेज कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष



चंद्र बोस द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने पराक्रम दिवस की बधाई दी और कहा कि यह प्रेरणादायक दिवस देश भर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। आज का दिन अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के सम्मान में एक नए स्मारक की आधारशिला उस द्वीप पर रखी जा रही है, जहां वे रुके थे। इस दिन को आने वाली पीढ़ियों द्वारा आजादी का अमृतकाल में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि यहां पहली बार तिरंगा फहराया गया और भारत की पहली स्वतंत्र सरकार बनी। वीर सावरकर और उनके जैसे कई अन्य वीरों ने इसी भूमि पर देश के लिए तपस्या और बलिदान के शिखर को छुआ था। उन्होंने कहा, उस अभूतपूर्व जुनून और अपार दर्द की आवाजें आज भी सेल्युलर जेल की कोठरियों से सुनी जाती हैं। प्रधानमंत्री ने अफसोस जताया कि अंडमान की पहचान स्वतंत्रता संग्राम की यादों के बजाय गुलामी के प्रतीकों से जुड़ी हुई हैं ।

## आजादी के महानायकों के सपने को पूरा कर रहे पीएम: योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजिल अर्पित की और उनके जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब आजादी के इस महानायक को उनकी जयंती के रूप में स्मरण कर रहे हैं। महानायकों ने देश की आजादी और स्वालम्बन बनाने के लिए जो सपना देखा था, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा करने में लगे हैं। योगी ने कहा कि आज पूरा देश आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पावन जयंती पर स्मरण कर नमन कर रहा है। देश की आजादी के आंदोलन में नेताजी के योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 जनवरी की तिथि को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने



का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि हम सब जानते हैं कि सुभाष चन्द्र बोस का जन्म भारत के तत्कालीन बंगाल प्रांत और आज के उड़ीसा प्रांत के कटक में हुआ था। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि होने के नाते उच्च शिक्षा के लिए उन्हें पेन्ट्रीस विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ा था। उस समय की प्रतिष्ठित प्राशासनिक सेवा आईसीएस की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने वह सेवा ज्वाइन नहीं की। उन्होंने इस बात को स्पष्ट किया था कि जो लोग हमारे देश को गुलाम बनाए हुए हैं, जिनके खिलाफ हमें लड़ाई लड़नी है, हम उनकी अधीनता स्वीकार न करके, किसी भी बड़े पद को ठुकरा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता जी आईसीएस की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद भी उसे छोड़कर देश की आजादी के आंदोलन के साथ जुड़े। आजादी के आंदोलन के दौरान अनेक ऐसे अवसर आए थे जिसके माध्यम से नेताजी भारत की राजनीति में स्थापित हो सकते थे लेकिन इससे इतर उन्होंने सदैव क्रांति का मार्ग चुना। देश के प्रत्येक नागारिक के मन में राष्ट्रभक्ति का भाव पैदा हो और हम सब अपनी राष्ट्रीयता के मार्ग का अनुशरण करते हुए 'नेशन फस्ट' के इस भाव के साथ सदैव कार्य कर सकें, वह इस बात के पक्षधर थे।

### सपा विधायक इरफान का करीबी बिल्डर गिरफ्तार

**कानपुर:** सपा विधायक इरफान सोलंकी के करीबी बिल्डरों में चर्चित एजाज उर्फ अज्जन को पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया। सोमवार को उसे अदालत में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। जाजमऊ थाने में दर्ज विधवा की जमीन पर कब्जा कराने की कोशिश एवं आगजनी की जांच के दौरान एजाज का नाम चर्चा में आया है। जाजमऊ थाने में बीते साल आठ नवंबर को दर्ज मुकदमे की जांच निरीक्षक जाजमऊ अशोक कुमार दुबे कर रहे हैं। निरीक्षक जाजमऊ के साथ निरीक्षक कर्नलगंज रत्नेश कुमार सिंह ।

## सभी वर्गों के लिए काम करते है: नीतीश



**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को स्थानीय मिलर हाई स्कूल में आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि हमलोग सभी वर्गों के लिए काम करते हैं। वोट के लिए काम नहीं करते हैं। राजनीति में जिनको जिनका समर्थन करना है, वे स्वतंत्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्य किए गए हैं। जीविका दीदियां आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं। अपने परिवार के साथ-साथ समाज की बेहतरी के लिए कार्य कर रही हैं। लड़कियों को शिक्षित करने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में जब सरकार में आए थे तो राज्य का प्रजनन दर 4.3 था। एक सर्वे से पता चला कि पति-पत्नी में अगर पत्नी मैट्रिक पास है तो देश का प्रजनन दर 2 है और बिहार का प्रजनन दर भी 2 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पति-पत्नी में अगर पत्नी इंटर पास है तो देश का प्रजनन दर 1.7 है और बिहार का प्रजनन दर 1.6 है। लड़कियों के शिक्षित होने से प्रजनन दर कम होगा। अब राज्य का प्रजनन दर 2.9 पर आ गया है। यह 2 पर आ जाएगा। पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। बिहार में जितनी पुलिस में महिलाएं हैं, उतनी दूसरे राज्यों में नहीं हैं। राज्य की सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है। इंजीनियरिंग तथा मेडिकल संस्थानों में नामांकन में लड़कियों को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं तथा वर्ष 2007 में नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ने हर तबके के उत्थान के लिए काम किए गए।

### एमपी की जनता अब कांग्रेस क लूटने का मौका नहीं देगी: शिवराज

**भोपाल:** मध्य प्रदेश में इस साल के आखिरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस की कार्यकारिणी को सर्कस बताते हुए चुटकी ली है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की कार्यकारिणी थोड़ी है, वो तो सर्कस है। कार्यकर्ता तो कोई बचे ही नहीं, जितने थे सब पदाधिकारी बना लो। कमलनाथ जी अगर सोच रहे हैं कि झूठे वादे करके सत्ता में आ जाएंगे तो प्रदेश की जनता अब उनको लूटने का मौका नहीं देगी। राजधानी भोपाल के स्मार्ट सिटी उद्यान में सोमवार को पौधारोपण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अंतिम नहीं है अभी और है। ये अद्भुत पार्टी है 150 महामंत्री बना दो, 150-550 भी कर दो। ये पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी है। इसमें तो पिता के साथ पुत्र भी शामिल है। कहीं मां बेटा की पार्टी है तो और कहीं पिता-पुत्र की पार्टी है। यह कांग्रेस की नियति हो गई है। कार्यकर्ता कौन है, यहां केवल तुष्टिकरण चल रहा है। कमलनाथ जी रोज एक नया वादा कर देते हैं।

## बिहार: जहरीली शराब ने कहर मचाया, 8 की मौत

**सीवान:** शराबबंदी वाले बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब ने कहर मचाया है। सीवान जिले में पिछले 24 घंटों में जहरीली शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई है। एक मौत गोपालगंज में भी हुई है। 14 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। इनमें 6 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। ऐसा कहा जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। सैनिटाइजर बनाने के लिए कोलकाता से स्प्रिट मंगाई गई थी, उसी से शराब बनी थी। इस मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जहरीली शराब के अधिकतर मामले जिले के लकड़ी नवीगंज डढ थाना क्षेत्र के बाला



और भोपतपुर गांव में हैं। रविवार शाम को अचानक एक-एक करके मरीज सदर अस्पताल आने लगे। देर शाम अस्पताल पहुंचते वक्त एक व्यक्ति की मौत हो गई। रात में दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह से अब तक 5 लोगों की जान चली गई। सोशल मीडिया और गांव के लोगों का कहना है कि मरने वालों की संख्या 8 से ज्यादा है। 41 दिन पहले छपरा में 70 से ज्यादा मौतें हो गई थीं। फिलहाल, जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की हालत गंभीर है। सीवान में 2 लोगों का इलाज चल रहा है। बाकी 12 लोगों को रेफर किया गया है। 3 लोगों को इलाज के लिए गोरखपुर और 9 लोगों को पटना लाया गया है।

**प्रशासन ने कुछ भी कहने से इनकार किया:** स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब पीने की बात कही है। प्रशासन ने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। परिजन को मीडिया से बात करने पर रोक लगा दी गई है। पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल है। सीवान के डीएम अमित कुमार पांडे का कहना है कि अभी कुछ नहीं कह सकते हैं।

### चीन के सैनिकों से झड़प के 43 दिन बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहुंचे

## एलएसी पर पहुंचे सेनाध्यक्ष मनोज पांडे, चौकियां देखीं

**तवांग:** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में चीन के सैनिकों से झड़प के 43 दिन बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहुंचे। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के साथ इकाइयों और संरचनाओं का दौरा किया। इस दौरान और उन्हें परिचालन तैयारियों और सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। थल सेना प्रमुख ने पैनी चौकसी बनाए रखने के लिए सैनिकों को सराहा और सभी से उत्साह और समर्पण के साथ सीमा पर मोर्चा संभाले रखने का आह्वान किया। जनरल मनोज पांडे तवांग झड़प के 43 दिन बाद शनिवार को अरुणाचल प्रदेश पहुंचे। यहां उन्होंने एलएसी



से सटी भारतीय चौकियों का दौरा किया। जनरल पांडे यहां तैयारियों और सुरक्षा हालात का जायजा भी लिया। यह जगह तवांग से करीब है, जहां पर पिछले साल भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। उन्होंने जवानों की सतर्कता, कर्तव्य और निगरानी की तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि आप इसी मुस्तैदी और कर्मठता से सीमा पर मोर्चा संभाले रखेंगे। सेनाध्यक्ष के तवांग सेक्टर के दौरे के बारे में सेना ने सोमवार को ट्वीट कर बताया कि जनरल मनोज पांडे को दौरे के समय ऑपरेशनल तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों और सैनिकों के साथ बातचीत में प्रोफेशनलिज्म और कर्तव्य के प्रति समर्पण लिए उनकी सराहना की। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सेना दिवस पर सालाना प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि चीन की देश की उत्तरी सीमाओं पर हालात काबू में हैं, लेकिन अप्रत्याशित हैं।

## आईसीसी टी-20 टीम ऑफ द ईयर में तीन भारतीय

**दुबई: इंटरनेशनल** क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने साल 2022 की आईसीसी मेंस टी-20 टीम ऑफ ईयर का ऐलान कर दिया है। सोमवार को घोषित इस टीम में तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड और पाकिस्तान के 2-2 खिलाड़ी चुने गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के किसी भी क्रिकेटर को इस टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं, जिम्बाब्वे-आयरलैंड के एक-एक खिलाड़ी चुने गए हैं। इल टीम में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली, विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या शामिल




किए गए हैं। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड के जोस बटलर को टीम का कप्तान बनाया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूनामेंट सैम करन लिस्ट में इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और हारिस राऊफ को चुना गया है। बाबर आजम को जगह नहीं मिली है। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और आयरलैंड के जोशुआ लिटिल को भी टीम में जगह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब गौरव द्वारा सुमंगलम में सत्यनारायण जी की कथा एवं भंडारा किया गया

**नैनी।** लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा श्री सुमंगलम अनाथ आश्रम चाडी डेज मेडिकल के पास पर्यावरण चेयरपर्सन लॉयन शोभा सिंह द्वारा एक कार्यक्रम रखा गया ' जिसमें अनाथ आश्रम बच्चों को सत्यनारायण जी की कथा एवं भंडारा किया गया ' जिसमें करीब 145 आश्रम बच्चों और गांव के लोगों को प्रसाद वितरण किया गया और आश्रम में रह रहे बच्चों को 25 कंबल लायंस शोभा सिंह द्वारा दिया गया जिसमें हमारे अध्यक्ष किन्ही कारणों में व्यस्त होने के कारण ना पहुंचने पर उन्होंने इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी वाइस प्रेसिडेंट फर्स्ट लायंस शीतला प्रसाद श्रीवास्तव को दिया गया था ' जिसमें उन्होंने अपनी तरफ से पंडित पुरोहित को साल एवं अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद ग्रहण किया ' इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लॉयन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव लॉयन डॉ राकेश सिंह लॉयन सरिता पटेल लॉयन शोभा सिंह लॉयन मीरा श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बाक्स का ताला तोड़ चोरों ने पार कर दिया नगदी सहित पांच लाख के आभूषण

**चोरों ने पड़ोस के घरों के दरवाजों को बाहर से कर दिए थे बंद शोर पर भी नहीं कर सके मदद**

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरेखान गांव में सोमवार की भोर चोरों ने एक घर को निशाना बना नगदी समेत पांच लाख के आभूषण पार कर दिए। पूरेखान गांव निवासी राज बहादुर सिंह पुत्र तौलन सिंह तीन दिन पूर्व कमाई करने किसी दूसरे प्रदेश में चले गए थे। ऐसे में घर में महिलाएं ही थी। सोमवार की भोर तीन बजे अज्ञात चोरों ने घर के गेट का कुंडी खोलकर कमरे के अंदर घुस दो अटैची और दो छोटे बाक्स घर से कुछ दूर उठा ले जाकर देखे तो उसमे कुछ नहीं मिला तो दुबारा फिर घर में घुस रखे गए बड़े बाक्स का ताला तोड़ने लगे तो राज बहादुर की मां की नीद खुल गई तो चोर को देख शोर मचाना शुरू किया तो चोरों ने ईंट उठा मारने की धमकी देते खामोश करने के बाद बड़े बाक्स का ताला तोड़ बेटी व बहू का पांच लाख कीमत की सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। महिला की शोर सुन पास पड़ोस के लोग घरों से बाहर निकलने की कोशिश किए तो दरवाजा ही नहीं खुला चोरों ने पहले से ही पड़ोस के सभी घरों के दरवाजों को बाहर से कुंडी चढ़ा बंद कर दिए थे। जिससे चोर खूब मनमानी से चोरी कर आराम से भाग निकले। पीड़ित ने यूपीपी 112डायल कर सूचना दिया। जिस पर पुलिस पहुंच जांच पड़ताल कर थाने में चोरी संबंधी शिकायती पत्र दिया।

## ट्रक बनवाने गए व्यापारी पर बदमाशों ने गोली चला कर लूटे उन्नीस हजार

**मऊआइमा।** ट्रक की बाडी बनवाने गए व्यापारी को बदमाशों ने पहले जम कर पीटे फिर गोली चला कर उन्नीस हजार रुपये लूट लिए। जिससे व्यापारी बाल बाल बच गया। कार में बंधक बनाकर ले जाने में असफल रहे बदमाश से ग्रामीणों ने छुड़ाया। घायल भुक्भोगी व्यापारी ने एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस कार नम्बर के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी नबीउल्ला पुत्र मुकीम उल्ला का कहना है कि उसकी मऊआइमा ब्लाक चौराहे बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान है। सोमवार को दोपहर में वह अपनी ट्रक की बाडी बनवाने के लिए सकरामऊ स्थित एक दुकान पर गया। व्यापारी नबी उल्ला का आरोप है कि जैसे वह दुकान पर पहुंचा पहले से बैठे एक युवक ने कहा शिकार आ गया। जिसपर दो अन्य युवक आ कर जेब से पैसा निकालने लगे। आरोप है कि व्यापारी को मार पीट कर उन्नीस हजार रुपये लूट कर तमंचा से गोली चला दी। जिससे वह बाल बाल बच गया। तथा व्यापारी नबी उल्ला को जबरियन कार में घसीटते हुए बैठाने लगे। परन्तु शोर मचाने पर ग्रामीणों के एकत्रित हो जाने पर आरोपी फरार हो गए। व्यापारी नबीउल्ला ने देर शाम को मऊआइमा थाने में सारिक पुत्र नियाज उद्दीन ग्राम पवारपुर थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ हालमुकीम गद्दोपुर फाफामऊ तथा दो अज्ञातों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस बदमाशों के कार नम्बर के आधार पर तलाश में जुटी हुई है।

### सपूर्ण समाधान दिवस पर आई 67 शिकायतें

**करछना।** सुबह बारिश के असर और सर्दी के बावजूद भी कई फरियादी सपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। इसबार शनिवार को छुट्टी होने के चलते सोमवार को सपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी गणेश कन्नौजिया के समक्ष कुल 67 शिकायतें आई लेकिन एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नही किया जा सका। अधिकतर शिकायतें राजस्व से जुड़ी रही।क्षेत्र के डीहा घुरपेपुर में गांव की गली में बनाई गई जल निकास नाली का अधूरा काम काम करने और गुणवत्ता सही न होने के कारण नाली के कई ढक्कन टूट जाने की गांव के पन्नालाल पजापति समेत कई लोगों ने शिकायत की वही इसी गांव की भगिनी द्वारा वृद्धा पेशन के सबध मे शिकायत की गई।गधियाव के विस्मिलाह द्वारा वृद्धा पेशन को फिर से चालू कराने की गुहार लगाई गई। तहसील सभागार में मौजूद कई विभाग के मातहतों को एसडीएम ने अपने अपने विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच पडताल कर निपटारा करने पर जोर दिया इसके पूर्व तहसील मे एसडीएम ने सुभाष चन्द बोस के चित्र श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन कृतित्व पर पकाश डाला और अधिकारियो, अधिवक्ताओ और कर्मचारियों को सडक सुरक्षा की शपथ भी दिलाई।

# देश पर मरने से महत्वपूर्ण है उसके लिए जीकर दिखाना: एसडीएम




अखंड भारत संदेश

**जसरा।** स्थानीय विद्यालय श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शासन के आदेशानुसार मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें बच्चे विद्यालय से पंक्ति बद्ध होकर ब्लॉक मुख्यालय जसरा तक गए । वहीं एकत्रित होकर देशभक्ति एवं सड़क सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण किया गया। उप जिलाधिकारी बारा अब्दुल्लाह सुरान ने कहा कि देश के लिए मरने से महत्वपूर्ण होता है उसके लिए हर एक दिन जीना। उन्होंने कहा सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी थे, हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए । बच्चों को नायब तहसीलदार बारा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा की प्रधानाचार्या ममता शर्मा,लालचंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा०पी पी सिंह, ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रधानाचार्य डॉ० योगेंद्र सिंह ,राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के प्रतिनिधि के तौर पर ओमप्रकाश धारी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार साहू, चंद्रशेखर, कुलभूषण मिश्र, राजेश कुमार द्विवेदी, कमलेश कुमार अवस्थी, रंगनाथ गुप्ता, राकेश सिंह, देवेंद्र शुक्ला ,सुरेश कुमार, दयाशंकर सिंह, राजेंद्र प्रसाद, बृजेंद्र श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, भैरव प्रसाद, राकेश श्रीवास्तव, डॉ सुनीता, रितेश कुमार प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, राम लखन प्रजापति, श्याम जी आदि मौजूद रहे।

### करछना में सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर निकाली गई रैली

**करछना।** सोमवार को स्थानीय मदन मोहन मालवीय इटर कालेज करछना मे नेता जी सुभाष चन्द बोस की जयती पर सडक सुरक्षा जागरूकता के तहत रैली निकाली गई जिसमे एसडीएम गणेश कुमार कन्नौजिया के नेतृत्व मे स्कूल परिसर से निकली रैली करछना बाजार होते हुए वापस विद्यालय मे समाप्त हुई।इस दौरान अधिकारियो ने सडक सुरक्षा का सकल्प दिलाते हुए इसका पालन करने पर जोर दिया।रैली के पूर्व सुभाष चन्दबोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन कृतित्व पर पकाश डाला गया और उनके जीवन से पेरणा लेने और उसे आत्मसात करने पर बल दिया।इस मौके पर पधानाचार्य मदन मोहन शखधर बीडीओ देव कुमार,एडीओ प0 विवेक कुमार मिश्रा समेत शिक्षक और मुगारी,घटवा आदि के स्काउट गाइड बच्चे भी मौजूद रहे।





### राष्ट्रीय एकता से ही पूरा होगा नेता जी का संकल्प : मनीष

**करछना।** भारत की आजादी के नायक के रूप में नेताजी के कृतित्व और व्यक्तित्व का यह देश सदैव ऋणी रहेगा। राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव से ही नेता जी का संकल्प पूरा होगा और यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इसके लिए हम सभी को भारत के नव निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। यह बातें सोमवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती पर क्षेत्र के रामपुर स्थित मंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में बच्चों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला और संकल्प के पूर्व प्रार्थना सभा स्थल पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। इस दौरान शिक्षकों ने हिंद फौज के प्रणेता और भारत की आजादी के नायक नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नमन वंदन और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सड़क जागरूकता अभियान के तहत सुरक्षा और सड़क के नियमों का पालन करने का भी संकल्प लिया। सभी ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रवक्ता प्रदीप कुमार, रमेश चंद्र तिवारी,जगतपाल,सुधा सिंह, विजय सिंह, मोहम्मद परवेज सिद्दीकी, सुरेश कुमार सुनील शुक्ला, विश्वेश ओझा, कमला शंकर तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा, सुनील प्रजापति समेत शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

## रामकथा में राम जन्मोत्सव का प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर




**सहसों।** नौ दिन सुनिए राम कथा कार्यक्रम के दौरान सहसों बाजार में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति के तत्वावधान में रामकथा के चौथे सत्र में दैनिक यजमान के रूप में सूर्यकांत त्रिपाठी द्वारा पंडाल में व्यासपीठ, मानष भगवान एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम की पूजन के उपरांत कथा व्यास साध्वी माता अन्नपूर्णा जी ने श्री राम जन्मोत्सव का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए भक्त श्रोताओं को भाव विभोर कर दिए। कथा के दौरान कथा व्यास ने द्रोपदी चीर हरण के समय भैय्या कृष्ण द्वारा बहन की लाज बचाने की कथा का सुंदर मार्मिक कथा सुना कर उपस्थित श्रोता भक्तों के हृदय को करुण रस से भर दिया। तत्पश्चात कथा व्यास ने अनंतानंद परमात्मा की प्राकट्य की कथा सुनाते हुए महिलाओं को एक संदेश देते हुए उन्होंने कहा धन्य है भारत की जननी तुम चाहो तो भगवान को जनमो, तुम चाहो तो भक्त को जनमो, तुम चाहो तो राक्षस को जन्म दो कथा व्यास ने कहा ऐसी ही इस धरा की पावन धाम अयोध्या नगरी की महारानी कौशल्या ने साक्षात परब्रह्म परमात्मा को अपनी गोदी में रोते हुए खेलाया।,, लाला जन्म संग आई , कौशल्या माई दे दो बधाई।। सुंदर भजन पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त नर नारी झूमने लगे पूरा पंडाल राममय हो गया, जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा के पश्चात समिति के अध्यक्ष/आयोजक सहित सभी श्रोताओं ने भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कथा श्रवण कर रहे चंद्रेश कुमार केसरवानी, इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, राम प्रसाद केसरवानी, बलराम सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, नितिन तिवारी, विमल कुमार शुक्ला, नीरज कुमार सिंह, इंजीनियर मनोज कुमार प्रजापति, रामचंद्र केसरवानी सहित भारी संख्या में श्रोता भक्त मौजूद रहे।

# बीएसए ने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति दिलाई शपथ, छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

**घूरपुर।** जसरा बीआरसी में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई 'बीएसए ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन करें और अपने माता-पिता से भी आग्रह करें कि वह भी नियमों का पालन करें। उन्होंने अजहरुद्दीन क्रिकेटर की कहानी भी सुनाया कि उन्होंने अपने बेटे को 12 लाख की गाड़ी दिलाया था जो कि यातायात के नियमों का पालन ना करने के कारण एक्सीडेंट का शिकार हुआ' खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के द्वारा बीएसए का एवं आए हुए समस्त अध्यापकों छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी गई । साथ ही साथ ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा से घूरपुर मार्केट तक मानव श्रृंखला बनवाई गई, जिसमें करीब 2000 छात्राओं ने प्रतिभा किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए जो मानव श्रृंखला बनाई गई थी। उसमें राधा कृष्ण इंटर कॉलेज घूरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय भीटा, उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर, भैया लाल पटेल जूनियर हाई, स्कूल मनकवार ,सरस्वती ज्ञान मंदिर घूरपुर ,के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन होरी लाल दिवाकर ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य समीर त्रिपाठी, सुनील कुमार गौतम, उमेश कुमार शुक्ल, सतीश कुमार कुशवाहा, जितेंद्र कुमार मिस्त्र प्रमोद कुमार मिश्र, सुनील कुमार गौतम, निशा त्रिपाठी, अनुपमा सिंह,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन मीना देवी, रिचा मिश्रा, अनीता मिश्रा, अखिलेश सोनकर, संतोष कुमार, प्रभुनाथ सहित सैकड़ों अध्यापक कार्यक्रम में सहयोग दिए।



बीआरसी प्रांगण में छात्रों को यातायात के प्रति जागरूक करते बीएसए

### महाविद्यालय नैनी में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतरगत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के प्राचार्य जिला नोडल अधिकारी (सड़क सुरक्षा ) प्रोफेसर ओम प्रकाश ने छात्र- छात्राओं को य'त'यात संबंधित नियमों के अनुपालन की शपथ दिलाई जिसमें हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पी गाड़ी न चलाने, मोबाइल फोन का वाहन चल'ते समय प्रयोग न करने आदि सम्मिलित था' महाविद्यालय में इस समय सेमेस्टर की परीक्षा संच'लित की जा रही है' इस व्यस्त समय के मध्य छात्र-छात्राओ ने यातायात संबंधी नियमों का सख्ती से से अनुपालन का संकल्प लिया ' इस कार्यक्रम में डॉक्टर भास्कर शुक्ल,नोडल अधिकारी डॉ रामकुमार सिंह, डॉक्टर कंचन ,डॉक्टर रफत अनीस, डॉक्टर अनुभा श्रीवास्तव आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बोलेरो ने वृद्ध महिला को रौदा, गंभीर

**घूरपुर।** घूरपुर के कैनुआ गांव में एक अनियंत्रित बोलेरो ने पटरी के बगल खड़ी वृद्ध महिला को रौद दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। बोलेरो चालक वाहन लेकर भाग निकला लोगो ने 50किलोमीटर दूर पीछा कर दबोच पुलिस को सौंप दिया। और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार के दिन सहसो सरायइनायत क्षेत्र से बोलेरो पर सवार होकर कई लोग लालापुर स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर दर्शन हेतू जा रहे थे कि जैसे घूरपुर के कैनुआ गांव के सामने पहुंचा कि तेज रफ्तार बोलेरो घर के सामने पटरी पर खड़ी शिव राजी देवी पत्नी स्व. राम कृपाल यादव को रौद दिया जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद बोलेरो चालक बोलेरो लेकर तेज रफ्तार लालापुर की तरफ भाग निकला। लोगों ने बाईक से पीछा किया लेकिन जैसे ही बाईक बोलेरो के पास रुकवाने के लिए पहुंचते तो बाइक को भी टक्कर मारने की कोशिश करता। बोलेरो लेकर शंकरगढ़ शिवराजपुर होते हुए जसरा आया जसरा में उसे घेर लोगों ने दबोच पुलिस को सौंप दिया।

## कोरांव थाने के उपनिरीक्षक की गाड़ी से बाइक सवार घायल

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के खजुरी पचवंह गांव में कोरांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक की गाड़ी से बाइक सवार की आमने सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार के दाहिने पैर का जहां अंगूठा कट गया वहीं सिर व मुंह में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक राजकुमार उर्फ वकील पुत्र कन्हैया लाल (32) निवासी खजुरी पचवंह साढ़े पांच बजे के आसपास अपने घर से थोड़ी दूर पर स्थित गोंड़ा जाने के लिए बाइक से निकला अभी वह घर देवघाट की ओर थोड़ी दूर आगे बढ़ा था कि कोरांव थाने के उपनिरीक्षक अनिल उपाध्याय की कार व बाइक सवार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक राजकुमार उर्फ वकील के दाहिने पैर का अंगूठा कट कर बाहर हो गया और कार व बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद उपनिरीक्षक की गाड़ी को ग्रामीणों ने रोक लिया। उपनिरीक्षक गाड़ी लेकर मौके से भागना चाहते थे। किंतु ग्रामीणों ने उन्हें आने नहीं दिया। घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव धीरेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुंच गए। परिजनों ने घायल राजकुमार को लेकर कोरांव के एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पुनः परिजन घायल को थाने लेकर गए। जहां से पुलिस ने उपचार के लिए जिले पर भेजवा दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए क्षतिग्रस्त बाइक व कार को हिरासत में ले लिया। हादसे में घायल राजकुमा की माता नहीं हैं। पत्नी सुनीता देवी, तीन बच्चों में पुत्री लोलो (12) पुत्र सूरज (7) छोटू (5) हैं। हादसे में घायल राजकुमार अत्यंत गरीब हैं।

### सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती, 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई

**नैनी।** मुखिया नगर स्थित बी एल एके-डमी, डे बोर्डिंग स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती , 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री राजकुमार त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नेता जी की जीवनी और कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद ही प्रेरणादायक है ' प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण सिविल सर्विसेज की परीक्षा चौथी रैंक से पास करने के बाद वह चाहते तो आरामदायक जीवन बिता सकते थे लेकिन उनके देशभक्ति के जुनून और देश आजाद कराने की तमन्ना ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया और वह आजादी की लड़ाई में कूद पड़े इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी त्रिपाठी , अमित चतुर्वेदी सर ,मिथिलेश पांडेय, तनाज , पुष्पेंद्र ,जितेंद्र, यासमीन,दिव्या , सुप्रभा , स्वाति, आकाश ,दुर्गेश , मनु,अखिलेश ,अवनीश, नमिता , रमा , पूर्णिमा , अंकिता , श्रुति, संध्या, सीमा, शताक्षी ,यशार्थ ,अनीता अलका आदि अध्यापक और अध्यापिका उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में घोर लापरवाही

**डेढ़ माह से नहीं मिला नई नवेली दुल्हनों के खाते में अनुदान राशि**

**विधायक का पारा गरम,दिए अनुदान भुगतान के आदेश**

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाले आयोजन से अब लोगों का मोह भंग होने लगा है,क्योंकि डेढ़ माह से वर वधुओं के संपन्न हुए विवाह के पश्चात पुत्रियों अथवा वाफुओं के खाते में दी जाने वाली सहायता उपहार राशि 35 हजार अभी तक नहीं पहुंची,जिससे लोगों में उक्त कार्यक्रम को ले कर यथा उड़ा की चचाएं हैं। इस मामले की जानकारी जैसे ही एक प्रेस प्रतिनिधि ने विधायक कोराव को दी तो विधायक का पारा ग्राम हो गया।

बता दें कि विधायक भाजपा राजमणि कोल ने जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रयागराज से पूंछ तांछ की तो पता चला की कुछ लोगों का डाक्यूमेंट्स अधूरा था.किंतु प्रश्न यह है कि अधूरे पेपर्स वालों की शादी ही क्यों कराई गई।

कोराव के 14,मांडा के 2 आवेदकों का पेपर्स अधूरा है जिससे भुगतान रुका है पर शेष आवेदकों का भुगतान तो हो जाना चाहिए। इस समबंध में भाजपा के कोरांव विधायक राजमणि कोल को जानकारी एक प्रेस प्रतिनिधि ने दी तो वे खिसिया गए। और संबंधित अधिकारी को तुरंत भुगतान का आदेश दिया। क्योंकि विधायक उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वर वधुओं को आशीर्वाद दिया था। इस संबंध में हमने संबंधित अधिकारी से तुरंत वार्ता किया है और दो दिन के अंदर राशि भुगतान किए जाने को कह दिया है। फिलहाल यह लापरवाही ठीक नहीं दिखी।

## न्यूज झरोखा

### उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा शपथ ली



**जसरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों और बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को जागरुक करने का अभियान भी प्रारंभ किया गया। लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और लोग भी इससे हताहत हो रहें हैं।सभी अध्यापकों ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान किया। इसके पश्चात सभी छात्रों ने सड़क सुरक्षा शपथ ली।जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित क्विज, निबन्ध लेखन तथा बाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया तथा विजेता छात्रों को प्रधानाध्यापक मीना दास ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम में श्यामाकांत द्विवेदी, भारतेंद्र त्रिपाठी, नाजिया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, शत्रुंजय शर्मा, अरविंद सिंह, अमर दीप चौधरी, राकेश कुमार, पूनम तिवारी आदि मौजूद रहे।

### चौथे स्तंभ का सम्मान अत्यंत आवश्यक : स्वामी राजेंद्र



**नैनी।** माघ मास में संगम तट पर लगा माघ मेला क्षेत्र में खास भरवारी खालसा, खाक चौक के प्रमुख स्वामी राजेंद्र तिवारी बाबा जी ने पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर स्वामी राजेंद्र ने कहा कि पत्रकार देश के चौथे स्तंभ है उनका सम्मान अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्रकारों के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए। पत्रकारों का बीमा, मकान, पेंशन व चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष व निर्भीक होकर पत्रकारिता करनी चाहिए। उन्हे किसी भी लोभ या लालच में नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वामी राजेंद्र ने पत्रकारों के कल्याण के लिए हवन कराया जिसमें आए हुए पत्रकारों ने हवन किया। इस अवसर पर अभय शंकर पाण्डेय, दिलीप चंद्र पांडेय, अमित पाठक, प्रशांत कुमार मिश्र, मुकेश गुप्ता, आशीष जायसवाल, खुशबू ,आयुष ,तौहीद ,रिजवान ,सुबीर ,राधे कृष्ण, राजीक, रंजीत निषाद, अनिल ,मोहम्मद ,नईम ,रंजीत ,राज, रामबाबू ,सुभाष पटेल ,राकेश गुप्ता, सहित कई पत्रकार उपस्थित थे।

### संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता जरूरी : मिथिलेश




**फूलपुर।** किसी भी संगठन,संस्था के जिम्मेदार पदाधिकारियों का यह नैतिक दायित्व है कि वे दायित्वों के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी सदैव सजग रहे। किसी भी संगठन की मजबूती उनके सक्रिय सदस्यों की सक्रियता पर निर्भर करती है। उक्त बातें प्राथमिक विद्यालय चन्दौकी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में आयोजित कर्तव्य बोध दिवस पर संबोधित करते हुए महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कही। महामंत्री राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि यह ऐसा शिक्षक संगठन है जो राष्ट्रवादी विचारधारा,संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए शिक्षको के हित में संलग्न रहता है।अध्यक्षता संयुक्त मंत्री क्षमा मिश्रा व संचालन शालिनी पटेल ने किया। मौके पर भानवेन्द्र सिंह,प्रेम नारायण आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व मानव श्रृंखला बनाई गई। चित्रकला का आयोजन कर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### निर्मला पासवान ने पिलखुआ गौशाला का किया निरीक्षण



**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम सभा पिलखुआ में गौशाला का निरीक्षण करने पहुंची विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने गौशाला में गायों की देखरेख खानपान अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गोवंशों को चारा भी खिलाया। मऊआइमा विकासखण्ड के पिलखुआ ग्राम सभा में सरदार वल्लभभाई पटेल गौशाला में गोवंशो की मौत की खबर मिलने पर निर्मला पासवान उक्त गांव स्थित गौशाला पहुची और गौशाला का निरीक्षण कर निर्मला पासवान ने ग्राम प्रधान तथा ब्लॉक के अधिकारियों और गौशाला की देखरेख करने वाले सभी जिम्मेदारों को बुलाकर गौशाला में हो रही असुविधाओं पर फटकार लगाई।इस मौके पर मऊआइमा मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ल,मंडल महामंत्री हरि गोविंद पटेल ,मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, शक्ति केंद्र संयोजक संजय पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक राहुल ठाकुर, बूथ अध्यक्ष शमशेर पटेल ,ग्राम प्रधान पिलखुआ सूरज पटेल, सुरेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया में बच्चों का बढ़ाया उत्साह



**मेजा रोड।** नीलम करवरिया ने विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। इसे ग्रहण कर अपना तथा अपने क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा शिक्षित व्यक्ति समाज और राष्ट्र का प्रतीक होता है। उन्होंने कहा मांडा क्षेत्र अब शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्हें खुशी है कि मांडवी चंद्रकांति जैसे विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और उच्च तालीम दे रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रीता पाण्डेय ने कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य, गायन, सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।उक्त अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मंगल देव द्विवेदी, रामेश्वर द्विवेदी, देवमणि पांडेय, धीरज दुबे, पप्पू दुबे, मनीष पांडेय, अंकित पांडेय,विद्यालय के छात्र छात्राओं , अभिवावकों और समस्त स्टाफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ब्लॉक सभागार में हुआ सोशल ऑडिट सभा




सहसों। विकासखंड सहसों के सभागार में सोमवार को प्रमुख पति व भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक सोशल ऑडिट सभा का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक सोशल ऑडिट के निदेर्शानुसार विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट के परिपेक्ष्य तमाम बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मनरेगा के द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना पर विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायतों से लेते हुए उचित दिशा निर्देश भी दिया गया। विकासखंड के 45 ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट को ब्लॉक सोशल ऑडिट सभा में संबद्ध किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि एवं समाजसेवी शिव नारायण सिंह गप्पू , अनुज सिंह जिला सोशल कोआर्डिनेटर तथा ब्लॉक संसाधन से बीआरपी एवं विकासखंड के समस्त सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, सोशल ऑडिट टीम के सदस्य सहित समस्त 45 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।







# सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई 126 वीं जयन्ती, दिलाया गया शपथ

# मानव श्रंखला बनाकर दिया गया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा की दिलायी शपथ**

**ओवर स्पीड से ही होती है ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं : जिलाधिकारी**

**प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 126 वीं जयन्ती के अवसर पर सुभाष चन्द्र बोस चैराहा सिविल लाइन में सोमवार को कक्षा 8 से 12 तक के 29 विद्यालयों के छात्र- छात्राओं एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा एक साथ मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इस मानव श्रंखला में सड़क सुरक्षा के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों, एनजीओ, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं तथा सिविल डिफेन्स पदाधिकारियों/ कार्मिकों तथा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा मानव श्रंखला, सुभाष चैराहा, सिविल लाइन एवं सुभाष चैराहा से चारो दिशाओं को जाने वाले मार्ग यथा- सुभाष चैराहा से पत्थर गिरजा चैराहा, सुभाष चैराहा से मेडिकल कालेज चैराहा, सुभाष चैराहा से पी0वी0आर0, रोबोट चैराहा, सुभाष चैराहा से डी0आर0एम0 आफिस जाने वाले मार्गों पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं के द्वारा लगभग 40 कि0मी0 की परिधि में मानव श्रंखला बनायी गयी। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उसके बाद दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं समस्त उपस्थित प्रतिभागियों तथा विभागीय अधिकारियों /कार्मिकों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतों /यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने होने अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अन्य समस्त विभागीय अधिकारियों/पदाधिकारियों स्वंय सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित वाहन चलाते समय गलत दिशा में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि बिन्दुओं पर शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व/कृतित्व से सम्बंधित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम आजादी के दीवाने सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मना रहे है। आज के दिन को हम लोगो ने सड़क सुरक्षा शपथ के लिए इस लिए चुना है कि हम अपने लोगो को, अपने बच्चों को रिश्तेदारो को, आने वाली पीढ़ियों को रोड़ एक्सीडेंट से आजादी व सुरक्षा दिला सके। रोड़ एक्सीडेंट का मुख्य कारण ओवर स्पीड है। बहुत सारे बच्चे/छात्र इसी बात में बहादुरी समझते है कि हम कितना ज्यादा एक्सीलेटर को दबा सकते है। उन्होंने कहा कि बहादुरी इस बात में है कि आप अपने स्कूल में कितना बढिया प्रदर्शन करते है। आपके स्कूल में बढ़िया प्रदर्शन से आपको, आपके शिक्षकों को, आपके परिवार को, आपके पड़ोसियों व मुझे भी गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि आपको किसी भी क्षेत्र में कुछ अच्छा करने के लिए सिर्फ हार्डवर्क की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटना के गत वर्ष के आंकड़ों से अवगत कराते हुए दुर्घटना के फलस्वरूप होने वाली जन/धन हानि से सचेत किया गया तथा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उददेश्य से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटना में पूरे देश में 1.50 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है तथा उ0प्र0 में 22,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। जनपद प्रयागराज में 650 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई हैं।

## रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था हुक्का बार, भीतर कश लगाते मिले 10 युवक

**प्रयागराज।** रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्काबार चलाने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार मम्फोर्डगंज में स्थित डी मैसिको रेस्टोरेंट के भीतर 10 युवक हुक्के का कश लगाते पकड़े गए। इस दौरान संचालक आशीष कुमार पांडेय उर्फ बफीर्ला फरार हो गया। हुक्का पीते पकड़े गए सभी युवकों की उम्र 18-19 साल की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि डी मैसिको रेस्टोरेंट में चोरी से हुक्काबार चल रहा है। जहां युवाओं को नशे का लती बनाया जा रहा है। दबिश दी गई तो वहां बड़ी संख्या में युवा हुक्का पीते मिले। इस दौरान अन्य भाग निकले लेकिन नौ को पकड़ लिया गया। इनमें शिवा सिंह, रिशि गुप्ता, मो. मुस्तकीम, फैजल, रिशू कुशवाहा, पीयूष केशरवानी, वैभव गुप्ता, अदीम, आमिर व साहिल शामिल हैं। पूछने पर बताया कि संचालक आशीष कुमार पांडेय उर्फ बफीर्ला है, जो भाग निकला है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि युवकों को कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संचालक की तलाश की जा रही है।

**नैनी में भी पकड़ा गया था हुक्काबार**

इससे पहले नैनी में जेल रोड पुलिस चौकी के पास अलादीन रेस्टोरेंट में हुक्काबार पकड़ा गया था। खास बात यह कि यहां पिछले साल भी दो बार हुक्काबार संचालित होते मिलने पर कार्रवाई हो चुकी है शिकायत सही मिलने पर छापा मारकर हुक्काबार पकड़ा गया था।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**परिजनों ने शव रखकर सड़क किया जाम, हत्या का आरोप**



**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के बेनीपुर निवासी राम मिलन (32) पुत्र बंगाली का शव रविवार सुबह एक पेड़ से लटकता मिला था। परिजनों ने उसकी हत्या कर शव पेड़ पर लटकाए जाने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम के बाद रविवार देर शाम उसका शव घर आया, लेकिन परिजनों ने रात में अंतिम संस्कार नहीं किया।सोमवार सुबह परिजन व गांववालों ने सड़क पर शव रखकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रतापपुर-शिवराजपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देर जाम खत्म कराया। मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।राम मिलन का शव मिलने के बाद से ही परिजनों का कहना था कि उसको किसी ने मार कर शव पेड़ से लटकाया है। वे लगातार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सुनवाई न होने पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर एसीपी बारा संतलाल सरोज व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया।परिजन दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। एसीपी ने परिजनों को विश्वास दिलाया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। एसीपी के आश्वासन के बाद परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार किया। इसके बाद मृतक की पत्नी उमा देवी ने शंकरगढ़ थाने में बोंगईलाल, टक्कूलाल पुत्र रामलाल ऊर्फ बंजरिया व बिक्कीलाल पुत्र बोंगईलाल के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि तीनों 21 जनवरी की रात उसके घर आए थे और उनको जान से मारने की धमकी दी थी। उसी की अगली सुबह राम मिलन का शव फंदे पर लटकता मिला। यह भी बताया कि आरोपी पूर्व में उसके साथ भी मारपीट कर चुके हैं। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर पूछताछ कर रही है।

# जिला पंचायत परिसर में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक

**प्रयागराज।** तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन 24, 25 एवं 26 जनवरी, 2023 को जिला पंचायत के प्रेक्षागृह एवं प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत के प्रेक्षागृह एवं प्रांगण में मध्यान्ह 12:00 बजे से किया जायेगा। इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस की मुख्य थीम ह्यह्यनिवेश और रोजगारह्नह्न है। इस अवसर पर निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठिया, रोड़ शो, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने के लिए जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में ह्यह्यनिवेश एवं रोजगारह्नह्न डिजीटल उत्तर प्रदेश, साईबर सुरक्षा व उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयक प्रदर्शनी, नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी(मोटे अनाज) बने खाद्यय पदार्थों से सम्बंधित प्रदर्शनी, राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी, उत्तर प्रदेश स्थापना से लेकर अबतक की विकास यात्रा से सम्बंधित संकलित प्रदर्शनी सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## जिला विज्ञान क्लब आयोजित करेगा नवप्रवर्तन जागरूकता कार्यक्रम

**प्रयागराज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान मे मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के उपाध्यक्ष के अनुमोदन से जनपद में नवप्रवर्तन जागरूकता के तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डा. लालजी यादव के अनुसार दिनांक 4 फरवरी 2023 को असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तको हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में आयोजित होगी। नवप्रवर्तन के अंतर्गत कोई नया और उपयोगी तरीका अपनाया जाता है जिससे घरेलू, कृषि कार्य तथा व्यवसाय क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों या तरीकों में कुछ परिवर्तन करके इनकी उपयोगिता को बढ़ाया जाता है। यह परिवर्तन करने वाले नवप्रवर्तक कहलाते हैं। कुछ नव प्रवर्तक ऐसे वर्ग से आते हैं जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा नहीं होता वह विपरीत परिस्थितियों तथा अभावों से निपटने के लिए अथवा अपने काम को सरल करने के लिए किसी नए आविष्कार को जन्म देते हैं। इस प्रदर्शनी में असंगठित क्षेत्र के किसान, मजदूर ,श्रमिक, मैकेनिक, शिल्पकार, आम जन तथा हकीम आदि अपने अपने नवाचारी प्रदर्शों को प्रदर्शित करेंगे। इसमें प्रतिभागी तथा लाभार्थी सहित 250 से 400 लोग प्रतिभाग करेंगे। इस प्रदर्शनी मे नवप्रवर्तको को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के रुप में पांच हजार, तीन हजार तथा दो हजार प्रदान किया जाएगा तथा एक हजार के तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। दिनांक 07 फरवरी 2023 को महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी प्रयागराज में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तहसील स्तरीय तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम आयोजित होगा। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएं विभिन्न उपकरणों जैसे एलईडी, ट्यूबलाइट, सिलाई मशीन, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, मोबाइल, कंप्यूटर आदि के विभिन्न पार्ट को अलग करके उन्हें पुनः जोड़ेंगे तथा विशेषज्ञों द्वारा इसके पीछे निहित वैज्ञानिक सिद्धांतो को समझेंगे। जिससे उनमें उपकरणों के माध्यम से वैज्ञानिक अभिरुचि उत्पन्न होगी। दिनांक 10 फरवरी 2023 को जिला स्तरीय बाल सृजनात्मक तथा नवप्रवर्तन दिवस कार्यशाला, टैगोर पब्लिक स्कूल अततरसुइया प्रयागराज में होगी इसमें माध्यमिक स्तर के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नवप्रवर्तन साइंस मॉडल तथा डा. एपीजे अब्दुल कलाम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता तथा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम होगा। सीनियर वर्ग के विद्यार्थी अपने नवाचारी मॉडल के साथ प्रतिभाग करेंगे जबकि जूनियर वर्ग के प्रतिभागी पोस्टर प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाग करेंगे। इस प्रदर्शनी के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमश पांच, तीन तथा दो हजार पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा तथा इन्हें एक हजार के तीन सांत्वना पुरस्कार और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### नैनी पुलिस द्वारा कार में गांजा छुपाकर ले जा रहे तीन अन्तर्राज्जिय तस्करो को किया गया गिरफ्तार



**नैनी।** पुलिस ने घेराबन्दी कर नशीला पदार्थ की तस्करी करते हुए तीन अंतरराज्जीय तस्करो को गिरफ्तार किया है।वही पुलिस ने उनके कब्जे से बोरी में लगभग 18.300 किलोग्राम अवैध गाँजा कार में ले जा रहे थे फोर्ड इको कार के साथ पकड़ा।पुलिस तस्करों के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटगई सघन जांच पड़ताल के बाद आगे की विधिक कार्यवाही को पूरा किया। प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जेल रोड सुमीत त्रिपाठी व छिवकी चौकी इंचार्ज संदीप यादव अन्य फोर्स के साथ चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र में स्थित ईएमसी कंपनी गेट के सामने से कार में गांजा छुपाकर ले जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार होने वाले आरोपीयो की पहचान सतीश सिरोही पुत्र स्व0 सुखवीर सिंह संजयनगर थाना बापूधाम गाजियाबाद स्थायी पता सैदपुर जिला बुलंदशहर उम्र 43वर्ष, कपिलमान पुत्र ऋषिपाल गलीनम्बर 01संजीवपुरी बेगमाबाद गाजियाबाद उम्र24 वर्ष,तथा परवेश त्यागी पुत्र किशन पाल उम्र 28 वर्ष निवासी खिनदौड़ा थाना निवाड़ी जिला गाजियाबाद के रूप में हुई।पूछताछ में उन्होंने बताया कि साहब हम भुवनेश्वर(उड़ीसा)से नशीला पदार्थ लाकर अपने जिले के आस पास क्षेत्रो में उसे उंचे दामों में बेच कर पैसा कमाते है।पुलिस ने पुछ तांछ के बाद गाँजा व कार को सीज करते हुए उनके विरुद्ध सम्बंधित मुकदमा दर्ज कर आगे की पुलिस कार्यवाही पूरी की।

### सेननगर तिराहे से धरे गए दो शातिर चोर, गेट बरामद

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर लोहे के दो गेट बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों का चालान भेज दिया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के सेननगर तिराहे से की गई है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने अपनी टीम के साथ सेननगर तिराहे से निहाल पुत्र मुबारक (निवासी हज्जी टोला, शंकरगढ़ कस्बा) और मोहम्मद कैफ पुत्र रसीद (निवासी उपरोक्त) को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही से लोहे को दो गेट बरामद हुए हैं। दोनों गेट को चोरी किया गया था। दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए चालान भेज दिया गया है।

### श्रीमद्भागवत कथा सभी वेद पुराण एवं उपनिषदों का सार- श्रीधराचार्य महाराज



**प्रयागराज।** जगतगुरु स्वामी रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज एवं भक्तों द्वारा माघ मेला में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ विधि विधान से प्रारंभ हो गई।कथा के पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। विधि विधान से व्यास गद्दी की पूजा के बाद श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई कथा व्यास श्रीधराचार्य महाराज ने कथा सुनाते हुए पहले दिन भागवत कथा पुराण की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सभी वेद पुराण एवं उपनिषदों का सार है। यह साक्षात श्रीकृष्ण के मुख से निकली दिव्य वाणी है। भागवत कथा मनुष्य को जीने की कला सिखाने के साथ ही मृत्यु की अटलता का बोध कराते हुए मोक्ष का मार्ग दिखाती है महाराज ने सुखदेव आगमन प्रसंग का वर्णन किया। कथा आयोजक यजमान सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी आदित्य मिश्र द्वारा सभी अतिथियों का सत्कार किया गया। अशर्फी भवन शिविर पुल नंबर 5 अन्नपूर्णा मार्ग रेलवे ब्रिज के समीप यह कथा 23 जनवरी से 29 जनवरी तक चलेगी।

### भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ- गायत्री नंदन महाराज



**प्रयागराज।** माघ मेला में गंगोली शिवाला मार्ग पर गंगा कल्पवास आश्रम शिविर में तीर्थ पुरोहित चंद्र नारायण पांडेय गुड्डू महाराज के सानिध्य में तथा यजमान रमाकांत तिवारी एवं जेपी तिवारी असवां के संयोजन में कथा वाचक अयोध्या के संत गायत्री नंदन महाराज द्वारा कथा के पांचवें दिन राम जन्म प्रसंग पर प्रकाश डाला गया एवं धूम धाम से भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया श्री राम जन्म कथा सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। श्री राम के जन्म होते ही पांडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों की जय घोष रही महाराज ने बताया कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए उन्होंने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है कथा व्यास द्वारा कथा का मनमोहक वर्णन किया गया। राम जन्म होते ही लोगों ने मीठी-मीठी तालियां बजाकर भगवान का नाम लिया इस अवसर पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ज्ञानवापी मस्जिद को तोड़ने के लिए लोगों को उकसाने वाले की अग्रिम जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को तोड़ने के लिए लोगों को उकसाने वाले को राहत देते हुए उसकी अग्रिम जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया है। कोर्ट ने कहा है कि याची को निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों के साथ रिहा किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा ने दिग्विजय चौबे की अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है याची पर वाराणसी के भेलुपुर पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 153ए, 295ए, 505(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याची की ओर से तर्क दिया गया कि प्राथमिकी में उसका नाम नहीं था। जांच में उसका नाम सामने आया है। राजनीतिक विद्वेष की वजह से उन्हें फंसाया गया है। याची के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। हालांकि, सरकारी अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया, लेकिन कोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

### पेटीएम से 1081 करोड़ की जीएसटी वसूली पर लगी रोक

प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पेटीएम के खिलाफ 1081 करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली पर रोक लगा दी है। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। विवाद यह है कि पेटीएम द्वारा मोबाइल रिचार्ज कूपन और डायरेक्ट टू होम रिचार्ज वाउचर की आपूर्ति को राज्य या अंतरराज्यीय माना जाए। याची की ओर से कहा गया कि उसकी ओर से देय कर उत्तर प्रदेश में पहले ही भुगतान कर दिया गया है। एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 19 के अनुसार यदि कर की कोई राशि गलत तरीके से भुगतान की जाती है तो उसे समायोजित किया जा सकता है। केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 77 के अनुसार इस तरह के लेनदेन के लिए कोई ब्याज नहीं दिया जाता है। याची ने इस मामले में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड को अभ्यावेदन दिया जो फिलहाल लंबित है। विभाग ने तर्क दिया कि याची की ओर से किए गए अभ्यावेदन पर विचार कर तीन माह में निर्णय लिया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तिथि तय कर दी।

# सदाफलदेव महाराज के परमनिर्वाण दिवस पर जुटेंगे 50 हजार हजार साधक

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** सदगुरु सदाफलदेव महाराज के 69वें परमनिर्वाण दिवस की भव्य तैयारी नीबी गांव स्थित आश्रम में चल रही है। 26 जनवरी से शुरू होने वाले निर्वाण दिवस कार्यक्रम स्थल को पचास बीघे में बनाया जा रहा है। इसे बंगाल के आसनशोल, बिहार, छत्तीसगढ़ से आये कारीगर सजाने में लगे है। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। आश्रम के अंदर ही हेलीपैड बन रहा है। हप्ते भर पहले से ही भारी संख्या में साधक आश्रम पहुचने लगे है। सदाफल देव आश्रम नीबी गोशाला पर 26 जनवरी से सदगुरु सदाफलदेव महाराज का 69वें परमनिर्वाण दिवस पर विहंगम योग समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 2100 कुंडीय विश्वशान्ति वैदिक यज्ञ के साथ स्वतंत्रदेव महाराज की अमृतवाणी व सन्त प्रवर विज्ञानदेव की दिव्यवाणी से स्वरवेद कथा होगी। व्यवस्था में लगे सुभाष रंजन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में देश विदेश से 50 हजार से अधिक साधक पहुंचेंगे। जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, इटली, कनाडा, साऊथ अफ्रीका साधक आने वाले हैं। जय प्रकाश सोनी ने बताया कि 50 हजार स्क्वायर फिट में प्रवचन स्थल तैयार हो रहा है। सौ फीट लंबे व तीस फिट चौड़े सात भोजनालय बनाये जा रहे है। 11 विशालकाय आवासीय पंडाल बन रहे हैं। 580 शौचालय बन कर तैयार हो गए हैं। छत्तीसगढ़ बस्तर से आई सेवादार खुशबु देवी 42 लोगों के साथ यज्ञ की लकड़ी तैयार करने में लगी है। आश्रम के मैनेजर सचिदानन्द ने बताया कि महाराज जी 25 को वाराणसी से सड़क मार्ग से आश्रम पहुँचेगे।

## इलाहाबाद विवि कुलपति की गाड़ी पर पथराव मामले में 62 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति की गाड़ी पर पथराव के मामले में दो नामजद समेत 62 पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि पथराव से पहले गाड़ी का पीछा कर उन्हें डराने व जान को खतरा पहुंचाने का भी प्रयास किया गया। कुलानुशासन प्रो. हर्ष कुमार की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि 19 जनवरी को कुलपति की अध्यक्षता में सीनेट हाल में हॉस्टल संरक्षकों, अधीक्षकों संग बैठक चल रही थी। आरोप है कि इस दौरान सत्यम कुशवाहा व आशुतोष पटेल 50-60 अन्य संग आए और नारेबाजी, गालीगलौज करते हुए उपद्रव किया।मीटिंग के बाद सत्यम ने कुलपति को कार में बैठने से रोकने का प्रयास किया। साथ ही कार में बैठकर जाने पर पथराव किया। तहरीर में यह भी बताया गया है कि सत्यम विवि का छात्र नहीं है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। प्रॉक्टोरियल टीम को धमकाया, छात्र पर केस इविवि में कुलानुशासक टीम को जान से मारने की धमकी देने व गालीगलौज के आरोप में छात्र आनंद कुमार मिश्र पर केस दर्ज किया गया है।

# थरवई क्षेत्र के हाईवे पर डीसीएम ट्रक दुर्घटना ग्रस्त, हाईवे पर लगा रहा जाम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के कोखराज हाईवे पर डेरागदाई गांव के सामने डीसीएम ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे मार्ग के दोनों ओर आधे घंटे तक जाम लगा रहा। बता दें कि ये घटना थरवई थाना क्षेत्र के डेरागदाई गांव के सामने हाईवे पर हुई। देर रात को डीसीएम ट्रक आगे जा रहे ट्रक में पीछे से जा भिड़ गई। जिससे डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। डीसीएम चालक सत्या निवासी ग्राम ओसिया थाना दिलदारनगर जिला गाजीपुर स्टेरिंग में फंसने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया।

**डीसीएम पर लदी थी भैंस:** हाईवे पर दुर्घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सुखचैन तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से डीसीएम में फंसे चालक को बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। उसके बाद डीसीएम में पुलिस टीम ने हाईवे मार्ग पर हुए जाम को खुलवाया।

**घायल भैंस का कराया गया इलाज :** डीसीएम में कुल आठ भैंस लदी हुई थी। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर मामले की जानकारी पशु चिकित्सा अधिकारी थरवई रामजी यादव को दी गई। पशु चिकित्सक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल भैंस का इलाज किया।प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि गाजीपुर से 8 भैंस लादकर डीसीएम चालक लखनऊ जा रहा था। पुलिस ने डीसीएम के मालिक को दुर्घटना की सूचना देकर डीसीएम को कब्जे में ले लिया।

## मांडा में दरवाजे के ताला तोड़कर किया चोरी, लाखों के आभूषण उड़ाए

**प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन पलक झपकते ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। मांडा थाना क्षेत्र के मोनाई गांव निवासी सीमा वर्मा पत्नी विनोद कुमार स्वजनों के साथ मीरजापुर में रहती हैं। उनका कभी-कभी घर पर आना-जाना लगा रहता है। बीते दिनों वह घर मे ताला लगाकर पुनः मीरजापुर गई हुई थी।इसी दौरान बीती रात अज्ञात चोर घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने अलमारी में रखे हुए सोने की लाखों का आभूषण पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी होने पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्वजनों समेत घर पहुंची तो नजारा देख होश उड़ गए। वहीं पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मौके का स्थलीय निरीक्षण कर मामले की जांच में जुट गई है। मामले में पुलिस ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर मौके का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्धों को भी तलाश की जा रही है। क्षेत्राधिकारी विमल किशोर मिश्रा ने कहा कि चोरी के जिन मामलों के तहरीर दर्ज हैं। उनकी जांच जारी है। साथ ही हाल में हुए चोरी के मामले के राजफाश हेतु स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया जा रहा है। जल्द ही आरोपितों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अस्पताल में शराब पीने पर डिप्टी सीएम का एक्शन

**प्रयागराज के कौड़िहार सीएचसी का है मामला**

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। प्रयागराज के कौड़िहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात अधीक्षक डॉ. अनुराग तिवारी व (स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी) दिनेश लाल यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अस्पताल में दारू पीकर ड्यूटी करने के मामले को संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। डिप्टी सीएम ने प्रयागराज के सीएमओ डॉ. आशु पांडेय को निर्देशित किया है कि तत्काल प्रभाव से अधीक्षक और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी को हटाते हुए पूरी रिपोर्ट उन्हें भेजें। सीएमओ डॉ. पांडेय ने बताया कि अधीक्षक डॉ. अनुराग को वहां से हटाकर संसारीपुर स्वास्थ्य केंद्र पर बतौर चिकित्सक भेजा गया है। जबकि एचईओ दिनेश यादव को अन्यत्र स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात कर दिया गया।

## डिप्टी सीएम ने तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के आफिसियल ट्वीटर अकाउंट पर भी यह मामला पोस्ट किया है। ब्रजेश पाठक ने लिखा हैङ्क प्रयागराज के कौड़िहार सीएचसी पर अधीक्षक और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी द्वारा अस्पताल में मद्यपान सेवन एवं अभद्रता करने संबंधित खबर का संज्ञान लिया गया है।अधीक्षक व एचईओ को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट सीएमओ से मांगा गया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।आशा संघ की अध्यक्ष कल्पना ने भी इस मामले में सीएमओ को ज्ञापन सौंपा था। आरोप लगाया था कि अधीक्षक और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अस्पताल में ही दारू पीते हैं।शाम को या रात में गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए जब आशा कार्यकर्ता सीएचसी पर जाती हैं तो उनके साथ बतमीजी की जाती है। हम लोग सम्मान बेचकर आशा कार्यकर्ता की नौकरी करने आते हैं।

## मैराथन दौड़ में राजकुमार पहले व नीरज रहे दूसरे स्थान पर

### नगर पालिका द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ को एडीएम ने दिखाई हरी झण्डी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सोमवार को स्वच्छ विरासत मैराथन रन फॉर जी-20 के अवसर पर स्वच्छ विरासत बेल्हा देवी मंदिर प्रतापगढ़ से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया।

मैराथन में 45 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया, जिसमें 44 पुरुष और एक महिला ने हिस्सा लिया। यह दौड़ मां बेल्हा देवी मंदिर से सदर तिराहे होते हुए राजा पाल टंकी से कंपनी बाग दहिलामऊ में समाप्त हुई। इस मैराथन दौड़ में प्रतापगढ़ के सम्मानित नागरिक, नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ में राजकुमार पहले स्थान पर, दूसरे और तीसरे स्थान पर नीरज और राहुल क्रमशः रहे। मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मैराथन दौड़ में अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील, स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश बिन्द और नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने बताया कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य हमारे जनपद में स्वच्छ विरासत के रूप में बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जन सहभागिता तथा जन जन को जोड़ना, जिससे पूरा प्रतापगढ़ गार्बेज मुक्त हो, प्लास्टिक मुक्त हो।



मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाते एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा।

### पराक्रम दिवस के रुप में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वी जयंती

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम भारतीय स्टेट बैंक चिलबिला के पूर्व शाखा प्रबंधक गुरु प्रसाद निगम ने मां शारदे के चित्र पर श्रद्धापुस्प व दीप जलाकर तथा नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया भैया बहिनों ने समवेत सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया अतिथि महोदय ने भैया बहिनों को नेताजी का प्रमुख उद्घोष जय हिंद का उदघोष कर संबोधित करते हुए करते हुए नेताजी के कार्यों से प्रेरणा लेने व उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। अतिथि महोदय के उद्बोधन के बाद एक सुभाष जी की झांकी व रानी लक्ष्मी बाई की झांकी के साथ एक शोभा यात्रा का आयोजन हुआ अतिथि महोदय व विद्यालय के अध्यक्ष रोशन लाल उमरवैश्य ने सुभाष जी और रानी लक्ष्मी बाई के रूप में सज्जित भैया बहिनों को माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा बयक्त की।

## भाजयुमो ने स्वामी प्रसाद का फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकताओं द्वारा सोमवार को भाजयुमो कार्यालय बाबागंज में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा श्रीरामचरितमानस के विषय में दिए गए विवादित बयान के विरोध में स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया गया।

बता दें कि बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बयान के बाद उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रह चुके स्वामी प्रसाद मौर्य का श्रीरामचरितमानस पर दिए गए विवादित बयान से भाजयुमो आहत है। इस अवसर पर मदन पाल, नीतीश श्रीवास्तव, चंद्र प्रताप सिंह, राहुल मौर्या, धोनी छोटू, रोहित, रितेश, अंकुर मौर्या, अविनाश सिंह, गजराज सिंह, विक्रम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला फूंकते भाजयुमो पदाधिकारी।

### फर्नीचर की दुकान में आग से लाखों का सामान जलकर राख

**प्रतापगढ़।** नगर में सगरा रोड पर स्थित फर्नीचर की एक बड़ी दुकान में आग लग गई जिससे सभी सामान जलकर राख हो गये। आग बुझाने के लिये फायर ब्रिगेड बुलाई गई और काफी लोग जुटे रहे। बताया जाता है कि दिन में लगभग एक बजे इस दुकान से धुआं निकलने लगा तो लोग दौड़े लेकिन थोड़ी देर में आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जब तक फायर ब्रिगेड आती, उसके पहले सारा फर्नीचर जलकर राख हो चुका था। बताया जाता है कि लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मानिकपुर नगर में निकली भव्य कलश यात्रा



सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में चलते लोग।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर कथा वाचक सत्यम महाराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई मां ज्वाला देवी की पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर से सिर पर आस्था का कलश रखकर 1001 महिलाएं निकली माँ के जयकारे के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मुख्य यजमान सपत्नी राजेश मौर्या भागवत भगवान को सिर पर लेकर चले तो उनके साथ मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, आयोजक विमल पांडे कलश यात्रा के साथ अलीगंज चौराहा मिरगढ़वा चौराहा, इनायतगंज तथा काली जी के मंदिर होते हुए पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा के पावन तट शाहाबाद घाट पहुंचकर मां गंगा के पावन तट पर पूजन अर्चन करने के पश्चात कलश यात्रा पुनः उसी रास्ते से वापस लौटकर सभा गंज बाजार होते हुए मंदिर परिसर पहुँची जहाँ विधि विधान से कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेम नाथ दीक्षित, पूर्व चेयरमैन रामनरेश मौर्य, फौजी योगेंद्र मिश्र मौला आकाश कसेरा मथुरा प्रसाद धुरिया दिलीप निषाद राकेश मोदनवाल आशुतोष जयसवाल डिंपू महेश मिश्रा राजकुमार यादव अरुण दीक्षित पंकज जायसवाल गुड्डू पांडे डीके मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



डा0 अंजना।

### रामायण रिसर्च काउंसिल की कोआर्डिनेटर नामित हुई डा. अंजना

**प्रतापगढ़।** लालगंज के बहुचरा निवासी प्रख्यात कवियत्री व परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह की पत्नी डा. अंजना सिंह सेंगर को रामायण रिसर्च काउंसिल का कोआर्डिनेटर नामित किया गया है। रामायण रिसर्च काउंसिल के मुख्य मार्गदर्शक श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र महाराज के निर्देश पर डा. अंजना को काउंसिल के बैद्धिक प्रकोष्ठ के विस्तार के लिए दायित्व दिया गया है। मनोनयन पर ग्राम प्रधान मदन सिंह, साहित्यकार निर्झर प्रतापगढ़ी, सुनील प्रभाकर, राजमूर्ति सिंह सौरभ, संजय सिंह, रंजन सिंह, फौजदार सिंह, चंदन सिंह, समीना अख्तर, विकास सिंह आदि ने बधाई दी है।

## अतिरिक्त केन्द्रव्यवस्थापक नियुक्त होने से महाविद्यालयों में नकलचियों के हौसले पस्त

### महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय की एमए, बीए की चल रही हैं परीक्षाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा एम ए, एम,एस, सी,बी ए, बी एस सी, का निरीक्षण बाबू सन्त बक्स सिंह महाविद्यालय संडवा दुबान एवं भागवत दत्त महाविद्यालय लाल गंज का औचक निरीक्षण किया। सभी सेंटरों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत नही मिली।

प्रोफेसर मिश्र को कुलपति द्वारा पांच कालेजों की जिम्मेदारी नकल बिहीन परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिली हुई है जिससे बराबर दौड़ा कर रहे हैं, उधर विश्वविद्यालय की उड़ाका दल टीम भागवत दत्त महाविद्यालय का निरीक्षण किया जहां परीक्षा सुचारू रूप से चलती देखी गई, किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की आशंका नही दिखी। अतिरिक्त केन्द्रव्यवस्थापक डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज की देख रेख में परीक्षा सम्पन्न हो रही है। हेमवती नंदन बहुगुणा उड़ाका दल प्रभारी प्रोफेसर आलोक द्विबेदी अपने साथियों के साथ सुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है। हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में प्रथम द्वितीय पाली में 450 छात्र उपस्थित हुए।

13 छात्र अनुपस्थित रहे, वहीं शान्ति जगदीश महाविद्यालय रानीगंज दोनों पालियों में 34 छात्र उपस्थित, अनुपस्थित 06, बाबू सन्त बक्स सिंह महाविद्यालय लीलापुर में 433 उपस्थित, 31 अनुपस्थित, राजकली रमाशंकर महाविद्यालय जलेसरगंज में 472 उपस्थित, 75 अनुपस्थित, भागवत दत्त महाविद्यालय में 1860 उपस्थित, 90 अनुपस्थित, सरस्वती महाविद्यालय लालगंज में 1227 उपस्थित, 153 अनुपस्थित छात्र पाए गए। अतिरिक्त केन्द्रव्यवस्थापक एवं प्राचार्य के सहयोग से नकल बिहीन परीक्षा में नकलची काफी संख्या में परीक्षा छोड़ रहे हैं। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र।

## आज से होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 24 जनवरी से 31 जनवरी तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2023 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सोअधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में संदीप विश्वकर्मा निवासी चारोपुर थाना महाराजगंज जिला जौनपुर को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास व बीस हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके मानसिक एवं चिकित्सा आधार की पूर्ति एवं पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगी। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी नाबालिग लड़की उम्र 15 वर्ष पीड़िता को ग्राम चारो पुर थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर के संदीप विश्वकर्मा उर्फ राघव 18 सितंबर 2021 को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीडिता ने न्यायालय में बताया कि 18 सितंबर 2021 को 10 बजे अमरगढ़ बाजार गई थी वहां संदीप विश्वकर्मा मिला और कहा कि चलो मैं तुम्हें घुमा लाता हूं उसने मना किया तो उसे धमकी दी कि मैं मर जाऊंगा और उसे जबरदस्ती अपनी बाइक पर बैठा लिया तथा बस से नागपुर ले गया नागपुर में 3 दिन तक रखा तथा जबरदस्ती उसके साथ बलात्कार किया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त मुकदमे का निस्तारण 9 माह में किया गया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र त्रिपाठी ने की।

### जीवन में संतोष बिना आत्मज्ञान के नहीं होताः स्वामी प्रबुद्धानन्द सरस्वती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नया माल गोदाम रोड पश्चिमी सहोदरपुर प्रतापगढ़ में श्रीराम कथा अमृत वर्षा के द्वितीय दिन का शुभारंभ डॉ. आमोद कुमार तिवारी (कुलसचिव) एवं दीप प्रज्वलन अरुण तिवारी ने किया। चिन्मय मिशन इंदौर के मुख्य आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती ने कहा कि पांच ज्ञानेंद्रियां और इंद्रियां को झुकाने का नाम ही प्रभु है। भक्ति भावना के विषय में जानकारी हेतु हम सभी को शबरी के विषय में जरूर जानना चाहिए क्योंकि शबरी के जीवन में भक्ति कूट कूट के भरी है। मोह माया का त्याग करके ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में संतोष के बिना आत्मज्ञान नहीं होता है। मुख्य रूप से ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्र, डॉ विकास तिवारी, नारायण शुक्ल, इं विशाल नाथ तिवारी, अभिषेक तिवारी, श्रीमती शीला मिश्रा, सुरेश तिवारी, संत प्रसाद, संतोष शुक्ला, विवेक ओझा, पीयूष तिवारी, अनिल मिश्र, ज्ञानेश तिवारी समेत सैकड़ों लोगों ने राम कथा का श्रवण किया।

## छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा पंजाबी मार्केट में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जनपद के विभिन्न छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ तक बनाई और उसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जनपद के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसके वर्मा उप जिला अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ ओम प्रकाश राय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ दिलीप कुमार गुप्ता संभागीय परिवहन अधिकारी प्रतापगढ़ राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ डॉ मोहम्मद अनीस एवं जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य के साथ-साथ शिक्षक गण उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ लेती छात्राएं।

### रोटरी क्लब ने बोर्ड परीक्षार्थियों को बांटी निशुल्क पुस्तकें

**प्रतापगढ़।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे जरूरतमंद छात्रों की मदद करने के लिए आगे आए सामाजिक संस्थान रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल ने बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के भंगवा सेंटर पर पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकों का फ्री में वितरण किया। रोटरी के उपाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी और सचिव शरद केसरवानी ने बताया कि जरूरतमंद छात्रों की मदद की गई। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि सेंटर पर पढ़कर इस बार हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे साहिल, साहिबा, नैंसी और अंजू सहित कई छात्रों को क्वेश्चन बैंक की पुस्तकें रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल की तरफ से फ्री में मुहैया कराई गई। मदद करने के लिए छात्रों ने रोटरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



मेडिकल कालेज में मानव श्रृंखला बनाए छात्रगण।

### मेडिकल कालेज छात्रों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज कैम्पस में छात्रों को ट्रैफिक नियमों के प्रति मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक किया गया। उन्हें इसकी इसकी शपथ दिलाई गई। डाक्टरों ने कहा दो पहिया वाहन से चलते समय सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट जरूर पहने। पीछे बैठे साथी को भी लगाना अनिवार्य है। हादसे के वक्त यही हेलमेट आपको जोखिम से बचाता है। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी को हेलमेट लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज कैम्पस में सड़क सुरक्षा माह के तहत शपथ दिलाने का कार्य हुआ। इस मौके पर सर्जन डाक्टर के के तिवारी, अंबर केसरवानी, दीपिका केसरवानी समेत कई एसआर और जेआर मौजूद थे।

### धूमधाम से मना नेता सुभाष चन्द्र बोस का 126वां जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक भारत मां के सच्चे सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 126वां जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कुंडा नगर में उन्हें याद किया गया एवं उनकी प्रतिमा पर सुभाष सेवा संस्थान के सदस्यों और उपस्थित जनसमुदाय द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किया गया। सुभाष सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा नेता जी सुभाष युग नायक थे उनकी ओजस्वी वाणी के प्रभाव से समूचे राष्ट्र में क्रांति की लहर दौड़ उठी थी। वे हमेशा राष्ट्र भक्तों के प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। समाजसेवी हर्षदीप सिंह साके ने कहा नेताजी महामानव थे। उनकी विचारधारा अद्वितीय थी, यह उनका ही शौर्य बल था। जिससे देश स्वतंत्र हुआ। इसके अलावा सभा में अधिवक्ता पांडेय जी, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, अंशू मिश्रा, पंकज शुक्ला, अर्चिता श्रीवास्तव, विकास चन्द्र, विवेक राय, ओम प्रकाश, संतोष पाल, राजेश गुप्त आदि प्रमुख रहे।

## पारिवारिक मुकदमों का अधिक से अधिक करायें निस्तारणः प्रधान न्यायाधीश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी 2023 को सफल बनान के लिये कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या द्वारा प्री0 ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण से कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा करानें में सहयोग करें, इसमें पक्षकरों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचहरी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसमें धन और समय की बचत होती है। आपसी सुलह समझौते से पक्षकारों के बीच उत्पन्न मतभेद व विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो जाता है। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि उपस्थित रहे।

### दहेज को लेकर विवाहिता के उत्पीड़न पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दहेज के कारण विवाहिता के उत्पीडन को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के देवरी निवासी रामलौट की पुत्री उमा कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्नीस जनवरी को सुबह आठ बजे उसकी ससुराल जैनपुर थाना लालगंज में ससुरालीजनो ने उसे मारापीटा। आरोपी सुनील कोरी तथा दिलीप पुत्रगण श्रीराम कोरी तथा ससुर श्रीराम कोरी व सास ने शादी के बाद से पीडिता से पचास हजार नकद व एक बाइक दहेज की मांग को लेकर जिद पर अडे हुए हैं। मायके पक्ष के लोगों द्वारा असमर्थता जताने पर पीडिता को घटना के दिन आरोपियो ने गाली देते हुए मारापीटा।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर बंद रहेंगी देशी शराब विदेशी मदिरा बियर एवं भॉंग तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें

**कौशाम्बी।** जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश देशी शराब/विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संशोधित एवं उत्तर प्रदेश आबकारी लाइसेंस टेण्डर एवं नीलाम नियमावली 1991 यथा संषोधित के अनुपालन में जनपद-कौशाम्बी की देशी शराब/विदेशी मदिरा/बियर एवं भॉंग तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 26 जनवरी 2023 (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होंने सभी आबकारी निरीक्षकों को आदेश का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें है।

# आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए डीएम ने दिलायी सड़क सुरक्षा शपथ

**डायट मैदान से तहसील मंझनपुर तक सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित**

अखंड भारत संदेश



सड़क सुरक्षा पर शपथ लेते डीएम एसपी वा अन्य



सड़क सुरक्षा पर मानव श्रृंखला बनाते डीएम एसपी व अन्य

**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ही नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए डायट मैदान में आयोजित सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारीगण, आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियां सहित आम-जन मानस को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ-ह्लदो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनें व पहनायेंगें, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेंगे, लेन ड्राइविंग के नियमां का पलन करें, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे, गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे, शराब पीकर या नशें की हालत में वाहन नहीं चलायेंगे, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं घर पर बच्चें इंतजार कर रहें हैं, मैं सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाऊँगाह्व की शपथ दिलायी गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा डायट मैदान से तहसील मंझनपुर तक आयोजित सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला में प्रतिभाग कर अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, सीओ मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें इसी प्रकार उप जिलाधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खण्डों में सड़क सुरक्षा मानव श्रृखला तथा सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम को आयोजित कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# तहसील समाधान दिवस मंझनपुर में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश

**आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाय**



तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस मे बलदेव ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि विगत दिनों वर्षा के कारण उनका कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया हैं, उनके द्वारा मुआवजा प्रदान किये जाने के अनुरोध पर जिलााधकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मंझनपुर की तरह चायल और सिराथू तहसील में भी तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया दोनों तहसीलों में उप जिला अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को सुना तहसील सिराथू में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## घर में घुसकर की मारपीट चलाए ईट पत्थर चार घायल

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया,विवाद के बाद एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थरों से हमला कर दिया,जिसमे तीन लोग घायल हो गए,घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और जांच में जुट गई। घटना क्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जीवनगंज निवासी प्रमोद कुमार के घर के पीछे खेत से ग्राम प्रधान रास्ता बनवा रहा है, जिस कारण रमेश आदि लोग इनसे खुन्नस खाए हुए थे।आरोप है कि रविवार की रात मौका देखकर रमेश पुत्र इंद्रपाल, राहुल पुत्र रमेश, सुरेश पुत्र इंद्रपाल, चरन पुत्र बद्री, अतर पुत्र चरन, पप्पू पुत्र अशोक, विकास पुत्र पप्पू, अनुराग पुत्र शिवकुमार, सतीश पुत्र श्रीनाथ ने रविवार को शाम आठ बजे घर पर चढ़ कर गाली गलौज करते हुए ईंट से पत्थर फेकते हुए लाठी डंडों से प्रवीण कुमार पुत्र प्रमोद कुमार, चंदावती पत्नी मसूरियादीन, बीरेंद्र कुमार पुत्र रघुनंदन वा कुंती देवी पत्नी करण सिंह को घायल कर दिया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## चरवा क्षेत्र में सड़क किनारे मिली वृद्ध की लाश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के मीरन और टिकाई तारा के बीच रविवार की रात्रि लगभग 7:00 बजे सड़क किनारे एक वृद्ध उम्र लगभग 65 वर्ष की लाश मिली थी पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त हो चुकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक बेरूवा गांव निवासी बुदऊ की बहन बलीपुर टाटा गांव में ब्याही है रविवार को अपनी बहन के यहां से बुदऊ वापस बेरूवा गांव जा रहा था रास्ते में उसकी मौत हो गई है बताया जाता है कि बुदऊ का एक लड़का धाधु अपनी ससुराल झलवा प्रयागराज में रहता है बुदऊ अकेले घर पर रहता था चरवा इंस्पेक्टर का कहना है कि बुदऊ अपने लड़के के पास झलवा गया था झलवा से वापस आ रहा था जब वृद्ध झलवा से वापस आ रहा था तब मनौरी से चरवा मेन रोड से वृद्ध की सड़क के किनारे मौत हो गई और लाश चंदईतारा मूल से बलीपुर टाटा मार्ग पर लगभग 400 मीटर पर वृद्ध की लाश मिली है पुलिस का कहना है कि ठंड लगने से वृद्ध की मौत हुई है।

## एक भाई को मिला पीएम आवास तो दूसरे ने शुरू कर दी शिकायत

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बमरौली में गरीबी का दंश झेल रहे जागेश्वर प्रसाद के एक बेटे जवाहर लाल की गरीबी देखते हुए योजना से जुड़े अधिकारियों ने मेहरबानी करते हुए ग्राम प्रधान की सहमत पर जवाहर लाल को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिया गया पहले किश्त के रूप में उसके बैंक खाते में सरकार ने 40 हजार रुपए भेज दी लेकिन जागेश्वर प्रसाद के दूसरे बेटे बच्चा लाल को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हो सका जिस पर जागेश्वर प्रसाद के दूसरे बेटे बच्चा लाल ने अपने भाई जवाहरलाल के प्रधानमंत्री आवास की शिकायत जिला अधिकारी से 23 जनवरी को की है डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बच्चा लाल ने बताया कि उसका भाई जवाहरलाल अपात्र है उसके पास दो कमरे का मकान बना हुआ है और मकान बनने के बाद उसे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिया गया है शिकायतकर्ता बच्चा लाल ने कहा कि उसका आवास निरस्त करते हुए जवाहरलाल को अपात्र बताते हुए उसके आवास को निरस्त कराने की मांग की है।

# एकल अभियान द्वारा मनाई गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम मनाते एकल अभियान के लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एकल अभियान द्वारा अंचल कौशांबी में स्वामी विवेकानंद जयंती का कार्यक्रम ओसा के एक महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन कर ॐ के उच्चारण के साथ मनाया गया। जिसमे अंचल अध्यक्ष द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरित कहानियों के द्वारा धर्म की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा, राष्ट्र भक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य विषय मे बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभाग शिक्षा समिति उपाध्यक्षा माता सुनीता निगम द्वारा बताया गया हम सब भारत माता की सन्तान है हमे जाति-पाती, ऊंच-नीच जैसी कुरीतिया को मिटाने का आग्रह किया गया। भाग सचिव पियूष पांडेय द्वारा अंचल समितियो की घोषणा की गयी जसमे अंचल अध्यक्ष हेतु प्रमोद चंद्र केशरवानी का घोषणा किया गया और अंचल के अन्य कई नयी समितियों की घोषणा की गयी। एकल परिचय सम्भाग आरोग्य योजना प्रमुख ज्ञान सिंह द्वारा प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंचल उपाध्यक्ष रमाकांत ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेश कुमार केशरवानी कल्लू पण्डा ने किया। मार्गदर्शन मुकुन्दीलाल ने दिया।कार्यक्रम में भाग प्रशिक्षण प्रमुख राम बहादुर अंचल महिला समिति अध्यक्षा बहन विनीता गुप्ता संच अध्यक्ष पश्चिम शरीरा सुनील केशरवानी व अंचल कौशाम्बी के समस्त कार्यकर्ता,विरक्त कार्यकर्ता समिति बंधु आदि लोग उपस्थित रहे।

## महामाया कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती




सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाते महामाया स्कूल के छात्र

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवम रोवर/रेंजर्स के छात्र/छात्राओं द्वारा एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया और सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह के तहत सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ ली गई।नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नेता जी के बलिदानों को याद किया गया और उनको नमन करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सर्वप्रथम इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विनय कुमार सिंह द्वारा नेता जी को याद करते हुए उनको माल्यार्पण किया गया । प्राचार्य ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार नेता जी ने स्वाधीनता आंदोलन में अपना योगदान दिया। और भारत के बाहर रहकर भी आजादी के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने बताया कि उन्होंने आजादी के लिए नारा दिया₹ तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ₹ और आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर भारत को आजाद कराने में अपना योगदान दिया महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा प्रभारी श्रीमती रीता दयाल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. पवन कुमार ,एवम डा. अरविंद कुमार,डा.अनिल कुमार, डा. नीलम बाजपेई,डा. भावना केशरवानी,डा. तरित अग्रवाल,डा.रमेश चंद्रा,डा. संतोष कुमार,डा. शैलेष मालवीय एवम महाविद्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा एनजीपीई 2023 परीक्षा संपन्न

अखंड भारत संदेश



परीक्षा देते छात्र

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा भौतिक विज्ञान परिषद के तत्वाधान में एनजीपीई-2023 परीक्षा का आयोजन रविवार दिनांक 22 जनवरी 2023 को किया गया परीक्षा के सेंटर इंचार्ज डॉ नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि परीक्षा हेतु कुल 12 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें से 11 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे उल्लेखनीय है कि भौतिक विज्ञान पृष्ठभूमि के स्नातक स्तरीय प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को कोलकाता के एसएन बोस इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंसेज में इंटीग्रेटेड पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश का अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह परीक्षा देशभर में भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। भारतीय भौतिकी शिक्षक परिषद द्वारा आयोजित एनजीपीई के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ बीपी त्यागी ने देहरादून से जानकारी दी है कि इस वर्ष देशभर के प्रत्येक प्रदेश से कुल 225 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संपूर्ण देश में कुल 5550 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है जिनमें से एक परीक्षा केंद्र महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी भी बनाया गया। भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में भौतिक विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का आयोजन सफल हुआ है परीक्षा को संपन्न कराने में महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. अनिल कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर ,गणित तथा श्री मानवेन्द्र सिंह ने कक्ष निरीक्षक के रूप में सहयोग प्रदान किया। परीक्षा संबंधी अन्य कार्यों में श्री साहनी एवं श्री अजय कुमार उपस्थित रहे इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार सिंह, प्राचार्य, महामाया राजकीय महा विद्यालय ने कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य उन्नयन में सहभागी बनेगी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला घायल

**करारी कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र के मंगौरा तैयब पुर गांव निवासी बबलू अपनी बड़ी मां गीता देवी को लेकर बाइक से सोमवार की दोपहर अपने गांव से रिश्तेदारी नेवारी जा रहा था जैसे ही बाइक सवार मुकीमपुर गांव के आगे नहर के नजदीक पहुंचा तभी ईरिक्शा ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में महिला गीता देवी को गंभीर चोटें आई हैं हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम लोग एकत्रित हो गए हैं घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है मामले की सूचना थाना पुलिस को बाइक चालक के बाबा जगन पुत्र लल्लू सरोज निवासी मंगौरा तैयब पुर थाना करारी ने दिया है।

# काजीपुर बाजार में बेखौफ बेचा जा रहा है गांजा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सांदीपन थाना क्षेत्र के काजीपुर बाजार की एक दुकान से बेखौफ तरीके से गांजे की बिक्री होती है किराना परचून की दुकान की तरह पूरे दिन गांजा की दुकान में ग्राहकों की लाइन लगी रहती है 50 रुपए और सौ रुपए की गांजा पुड़िया दुकान के सेल्समैन द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है बताया जाता है कि संदीपन थाना का एक सिपाही गांजा विक्रेता से 7 हजार रुपए महीने की अवैध वसूली कर गांजे के व्यवसाय को बढ़ावा दे रहा है काजीपुर बाजार में गांजा बेचने के मामले में पुलिस की यह वसूली पहले पूरामुफ्ती थाना पुलिस करती थी फिर यही वसूली चरवा थाना पुलिस करने लगी थी नया थाना बनते ही वसूली की रकम संदीपन थाना पहुंचने लगी है आखिर गांजे के धंधेबाज से अवैध वसूली करने वाला सिपाही कौन है अभी तक इस बात की जांच थानेदार और क्षेत्राधिकारी भी नहीं कर सके हैं इलाके के लोगों की माने तो गांजे की दुकान में पूरे दिन 300 पुड़िया से लेकर 400 पुड़िया तक गांजा की प्रतिदिन बिक रही है बड़े पैमाने पर गांजा बिक्री के मामले में थाना पुलिस की लापरवाही से उनकी संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता इलाके के लोगों ने दुकान से बिकने वाले गांजा की बिक्री को बंद कराते हुए गांजा माफिया पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने और गांजा माफिया को संरक्षण देने वाले सांदीपन थानेदार और सिपाही को निलंबित कर इनकी विभागीय जांच कराए जाने की मांग पुलिस अधिकारियों से इलाके के लोगों ने की है।

## न्यूज झरोखा

### 102/108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में निःशुल्क संचालित 102/108 के एम्बुलेंस कर्मचारियों को ई एम आर आई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के ऑपरेशन हेड राकेश राना एवं क्षेत्रीय प्रबंधक धीरज कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। पूरे प्रदेश में जरूरत मंदो को लगातार निःशुल्क 102/108 एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं इसी क्रम में सबसे बेहतरीन कार्य करने वाले एम्बुलेंस कर्मियों को ऑपरेशन हेड एवं क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। और साथ ही साथ ये निर्देशित किया कि सभी 108 एम्बुलेंस 24 घंटे अपने -अपने हॉटस्पॉट पर मौजूद रहें जिससे कोई घटना होने पर तत्काल एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंच सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश यादव, जिला प्रभारी नितिन श्रीवास्तव, महेश कुमार, आकाश पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### पैदल गस्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा




**कौशाम्बी।** जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मंझनपुर अंतर्गत कस्बा मंझनपुर में पुलिस बल के साथ फूटमार्च पैदल गस्त कर आम जनमानस में सुरक्षा संरक्षा का भरोसा दिलाया गया वाहन चालकों से वार्ता कर रोड़ पर वाहन न खड़ा करने व दुकानदारों से दुकान के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गयी व लोगों से यातायात व्यवस्था का अनुपालन , शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का अनुपालन करने की अपील की गयी। इस दौरान थाना प्रभारी मंझनपुर व अन्य अधिकारी/कर्मचारिगण मौजूद रहे।

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण हुआ शुरू



**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में शिक्षकों का पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। इस मौके पर आयोजक उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य अनिल कुमार ने जीवन कौशल प्रशिक्षण को सभी के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि जीवन कौशल जीवन जीने की कला है जिससे व्यक्ति जीवन में आने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपट सकता है। इस अवसर पर महामाया डिग्री कॉलेज में (दर्शनशास्त्र)प्रोफेसर पद पर कार्यरत डॉ अमित कुमार शुक्ल ने जीवन को सरल व सहज बनाने में इस प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के संयोजक कौशलेंद्र मिश्र ने बताया कि इस कौशल से हम सभी सीख सकते हैं व इनमें सुधार भी किये जा सकते हैं डॉ वंदना सिंह ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता रिफत मलिक जी,विपुल शिवसागर भारती त्रिपाठी डॉक्टर अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

### दरोगा की बेटी बनी समीक्षा अधिकारी, मनाई खुशी



**कौशाम्बी।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के मकदूमपुर चौकी प्रभारी मिश्रीलाल चौधरी की बेटी प्रतिभा चौधरी का चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। शनिवार को जारी परीक्षा परिणाम में प्रतिभा को 51 वीं रैंक मिली तो पूरा परिवार खुश हो गया प्रतिभा लंबे समय से पिता के साथ कौशाम्बी में रह रही हैं।विलक्षण प्रतिभा वाली प्रतिभा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमएससी किया है। प्रतिभा के चयन के बाद से लोग उनको बधाई दे रहे हैं।लोगो ने मिठाई बांटकर खुशियां बांटी। प्रतिभा का सपना आईएएस अफसर बनकर लोगों की सेवा करने का है। उन्होंने बताया कि वह पूरा प्रयास करेंगी कि वह सपने को पूरा करें।

### क्लैट की परीक्षा में विशेष सिंह ने पाई सफलता



**टेढ़ीमोड़ कल्यानपुर कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के बम्हरौली गांव के विशेष सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कामन ला एडमिशन टेस्ट में सफलता पाई है। यह परीक्षा पास करने के उपरांत अब उन्हे डा. रामानोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विधि की पढ़ाई का अवसर मिलेगा। बेटे के परीक्षा में सफलता मिलने पर माता पिता और परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है। पिता बसंत लाल सिंचाई विभाग में एस डी ओ के पद पर व माता पूनम शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि बेटे की प्रारंभिक शिक्षा प्रयागराज के सेंट जोसेफ कालेज से प्राप्त की है।

### अवैध वसूली करने वाले दो सिपाहियो को एसपी ने किया लाइन हाजिर, बालू की ट्रक को रोककर सिपाही करते थे पूरी रात वसूली

**कौशाम्बी।** जिले में सोशल मीडिया पर बालू की ट्रक से सिपाही द्वारा अवैध वसूली करते हुए वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है वायरल वीडियो मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है,उसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच शुरू करा दी है एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पृथम दृष्ट्या दोषी मानते हुए रविवार की रात को ड्यूटी पर मौजूद दो सिपाहियो को लाइन हाजिर कर दिया है ,जिससे जांच किसी प्रकार से प्रभावित न हो।एसपी ने कहा कि प्रकरण में प्रारम्भिक जांच की जा रही है जाँचोपरांत गुण दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### फड़ में मिली जुआ की रकम चौकी इंचार्ज के जेब में बाइज्जत बरी हुए चार जुआरी

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के हब्बू नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत रामपुर बढनावा डेरा पर रविवार की शाम 5:00 बजे की जुआ की फड़ पर चौकी पुलिस ने छापा मारकर नेपाली गिरधारी गोरे सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया मौके से 20 हजार रुपए से अधिक नगद रकम दो बाइक और कई मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया लेकिन पुलिस ने जुआ खेलने वाले और जुआ की फड़ संचालित करने वालो पर मुकदमा दर्ज कर जेल नहीं भेजा है बल्कि बरामद रकम और मोबाइल को चौकी पुलिस हजम कर गई है और जुआरियों को बाइज्जत पुलिस चौकी से छोड़ दिया है चौकी पुलिस का यह कारनामा बड़ी चर्चा का विषय है ईमानदार पुलिस कप्तान की छवि पर चौकी पुलिस दाग लगा रही है पुलिस चौकी से बाइज्जत छूट जाने के बाद जुआरियों के गैंग ने इलाके में फिर जुआ खेलना शुरू कर दिया है।

### बैंक के चक्कर लगा रहे किसान ने संपूर्ण समधन दिवस पर लगाई न्याय की गुहार, केसीसी की फाइल बैंक से गायब

**कौशाम्बी।** संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पवन कुमार पुत्र देशराज व मनोज कुमार पुत्र रामसिंह निवासी पहाडपुर सुधवर चायल ने उप जिलाधिकारी चायल से न्याय की गुहार लगाई है दोनो ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक पशुपालक किसान है, जो पशु पालन चायल ब्लाक से पशु किसान क्रेडिक कार्ड की आवेदन फाइल बना कर अपने नजदीकी बैंक आफ बडौदा-शाखा चौराडीह में एक महीना पहले 14 दिसम्बर को जमा किया था। तब से आज तक बैंक मैनेजर हर तीसरे चौथे दिन बुलाते है और अस्वासन देते हैं कि आपका के०सी०सी० कल सर्वे करके कर देगें। और फिर दूसरे दिन जाने पर मैनेजर कहते हैं कि पशु पर कोई के०सी०सी० नहीं होती है। जब इस सम्बन्ध में किसान ने बैंक के एल डीएम से फोन पर बात किया तो उन्होने कहा कि मैं 15 मिनट में बात करके बताता हूँ। और मेरा नम्बर ब्लाक कर दिया गया है। फिर दूसरे नम्बर से काल किया तो फिर से अस्वासन दिया और फिर दुसरा नम्बर भी ब्लाक कर दिया गया।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में नेवारी प्रधान पति विश्वनाथ पुत्र रामफल और दूसरे पक्ष के बिकास कुमार कमलेश कुमार रामअभिलाष पुत्रगण पंचम लाल वा सतीश पुत्र राम सजीवन के बीच जमकर विवाद हो गया है दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले है हमले में प्रधान पति को चोटें आई है दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पुलिस को तहरीर दी है हमला करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि ट्वीटर अकाउंट अमित कुमार सरोज के सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर दबंगों ने प्रधान पति पर हमला किया का पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच किया तो ज्ञात हुआ कि ग्राम नेवारी में पुरानी रंजिश को लेकर प्रधान पति को पंचम के पुत्रों ने साथियो समेत मिल कर मारपीट किया है प्रधान पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और पीड़ित को मेडिकल हेतु भेज दिया गया दूसरे पक्ष के लोगों ने भी प्रधान पति के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है मुकदमे में नामित एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

संपादकीय

# विपक्षी कैसे होगा एकजुट

**भाजपा** की केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों के नेता एकजुट होने के लिए लगातार प्रयास करते रहते हैं। शरद पवार, लालू यादव, उद्धव बालासाहब ठाकरे, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, जयंत चौधरी, ममता बनर्जी, एचडी देवेगौड़ा, ओम प्रकाश चौटाला सहित वामपंथी दलों के नेता इसके लिए लगातार मीटिंग का आयोजन कर आपस में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह सभी नेता चाहते हैं कि भाजपा को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक दल एक साथ एक साझा मंच पर आकर चुनाव लड़े। जिससे भाजपा को हराया जा सके। मगर इनके प्रयासों के सिरे चढ़ने से पहले ही विरोधी दलों के कुछ नेता एकला चलो की नीति अपनाकर विपक्ष की एकता में फूट डालने का काम कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिला कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकल्प बनने का सपना देख रहे हैं। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस को हराकर ही अपनी सरकार बनाई है। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी आप ने 14 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। गुजरात में कांग्रेस के वोट कटने से कांग्रेस मात्र 17 सीटो पर ही सिमट गयी थी। अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि वह देश के कई प्रांतों के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव भी लड़ेंगे। गुजरात के प्रदर्शन के बाद आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी मिल जाएगी। ऐसे में अरविंद केजरीवाल खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपनी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति के नाम से नया नामकरण कर अगले लोकसभा चुनाव में कई राज्यों में चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पिछले कुछ समय से विपक्षी दलों से दूरी बनाती नजर आ रही है। चर्चा है कि उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अंदर खाने तालमेल हो गया है। जिसके चलते वह विपक्ष से अलग हटकर अपना अलग ही राग अलापने लगी है। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कुछ दिनों पूर्व अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर विपक्षी दलों को झटका दिया है। मायावती ने कहा है कि वह किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस ने असम में अपने गठबंधन सहयोगी सांसद बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी से गठबंधन को समाप्त कर दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बदरुद्दीन अजमल असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के इशारों पर कांग्रेस को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। यह सब कुछ ऐसी ताजा घटनाएं है जो देश की राजनीति की दिशा व दशा तय करेगी। विपक्ष की राजनीति कर रहे कुछ दलों को कांग्रेस से आपत्ति है। वह कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी बना कर रखना चाहते हैं। हालांकि केरल, त्रिपुरा में वामपंथी दल और कांग्रेस आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर पश्चिम बंगाल व देश के अन्य प्रदेशों में एक साथ गठबंधन कर लेते हैं। समाजवादी पार्टी ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से गठबंधन करने से इंकार कर दिया था। इस कारण कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना पड़ा था। तमिलनाडु में पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में द्रमुक ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें दोनों ही दलों को जबरदस्त सफलता मिली थी। द्रमुक को विधानसभा में अकेले ही बहुमत मिलने के कारण उसने राज्य सरकार में कांग्रेस को अभी तक शामिल नहीं किया है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल व जनता दल यूनाइटेड की सरकार में कांग्रेस भी शामिल है। मगर कांग्रेस को सत्ता में नाम मात्र की हिस्सेदारी मिली है। जिससे बिहार के कांग्रेसी नेता संतुष्ट नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव बालासाहब ठाकरे ने भाजपा को दूर कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर एक नया प्रयोग करते हुए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी की सरकार बनाई थी। जो सफलतापूर्वक चल भी रही थी। मगर शिवसेना के कुछ नेताओं द्वारा बगावत करने के कारण अघाड़ी सरकार गिर गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार का नेतृत्व करते हुए करीबन पौने नौ साल का समय हो चुका है। वह बिना किसी चुनौती के एक छत्र राज कर रहे हैं। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार दो बार केंद्र में सरकार बनाकर देश की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों के नेता बड़े-बड़े दावे करते रहते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति के सामने सभी विपक्षी दल पस्त नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एक छत्र नेता बनने के पीछे उनकी विपक्षी दलों में फूट डालकर राज करने की सबसे कारगर नीति है जो पूरी तरह सफल हो रही है। विपक्षी दलों द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ जब भी कोई बड़ी मुहिम चलाई जाती है तो उसमें फूट पड़ ही जाती है और वह मुहिम फ्लॉप हो जाती है। राजनीति के जानकार इसके पीछे मोदी का ही हाथ मानते हैं। मराठा क्षत्रप शरद पवार ने कई बार विपक्षी दलों के नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जो सीरे भी चढ़ता नजर आया। मगर अंत में उसका भी वही हश्र हुआ और विपक्षी दल एक मंच पर नहीं आ पाए। कई विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि विपक्ष की एकता में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस है। मगर वह इस बात को भूल जाते हैं कि कांग्रेस पार्टी आज भी देश में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। संसद में उसके सबसे अधिक सांसद है। ऐसे में कांग्रेस के बिना विपक्ष की राजनीति कैसे सिरे चढ़ सकती है। कांग्रेस पार्टी का आज भी पूरे देश में कम या ज्यादा जनाधार है। हालांकि कई प्रदेशों में क्षेत्रीय दल बहुत मजबूत है तथा वहां उनकी सरकार चल रही है। मगर केंद्र से मिलने वाले लाभ की बदौलत कई क्षेत्रीय दलों के नेताओं यथा उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी सहित अन्य कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्र सरकार से अघोषित समझौता कर रखा है।

# डिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैक मनी का काल

**अब यह भ्रष्टाचारियों और ब्लैक मनी वालों के लिए गले की फांस बन गया है अब हर व्यक्ति कैश और गोल्ड घर पर कितना और कैसे रख सकते हैं इस संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं इसीलिए आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम इसी मुद्दे पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम डिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैकमनी का काल बना**




किशन भावनानी

**भारत में** कुछ वर्षों से मीडिया के माध्यम से हम देख सुन रहे हैं कि बड़े-बड़े सफेदपोश अधिकारी नेता उद्योगपतियों पर विभिन्न कानूनों के अंतर्गत सख्त कार्यवाही हो रही है और उनका अवैध, अज्ञात स्त्रोतों से जमा की गई ब्लैक मनी बरामद हो रही है, तो कुछ लोग डर के मारे देश छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। अभी हाल ही में कुछ महीनों से और दो दिन पहले भी हमने देखे किस तरह नोटों का पहाड़ मंत्री, सांसद, विधायक के घरों से ईडी ने बरामद किए हैं और बीते दिनों में नामी-गिरामी नेतागण ईडी कार्यालय के चक्कर उनको मिले पूछताछ के सम्मन पर लगा रहे हैं। फिर भी जनता को यह उम्मीद है कि मनी लांड्रिंग के चारों कानूनों में उनके लीकेजेस पर संभवतः सख़्ती के उपाय जरूर होंगे।

साथियों हालांकि ऐसा नहीं है कि यह कानून अभी बने हैं परंतु यह बात जरूर है कि इन कानूनों का सख्त क्रियान्वयन उस सख़्ती से नहीं किया गया था जो अब किया जा रहा है और जिन सरकारों के कार्यकाल में यह कानून बने थे अब उन्हीं के गले की फांस बनते जा रहे हैं परंतु आज मुद्दा भारत में मनी लांड्रिंग के 4 कानूनों के सख्त क्रियान्वयन नें भ्रष्टाचार और ब्लैक मनी धारकों की कमर तोड़ दी है, उसका श्रेय कुछ हद तक डिजिटल इंडिया को भी देना जरूरी है क्योंकि संस्कृति के श्लोकों में भी आया है कि, अद्य सम्पूर्णविश्वे डिजिटलइण्डिया इत्यस्य चर्चा श्रूयते। हिन्दीः आज पुरी दूनियाँ मे डिजिटलइण्डिया इसकी चर्चा सुनी जाती है।

अब यह भ्रष्टाचारियों और ब्लैक मनी वालों के लिए गले की फांस बन गया है अब हर व्यक्ति कैश और गोल्ड घर पर कितना और कैसे रख सकते हैं इस संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं इसीलिए आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम इसी मुद्दे पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम डिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैकमनी का काल बनने की करें तो, लद गए वो दिन जब सारा काम मैनुअल होता था, बैक डेट में एंट्री, जाली नाम, जाली इंट्री, लंदफद के अनेक काम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था, परंतु आज डिजिटल युग में हर काम में पारदर्शिता, किसी इंट्री का अगला पिछला पूरा डाटा एक क्लिक करने पर उसकी हिस्ट्री निकल जाती है तो अब गबन करना कच्चे चने चबाने से अधिक भारी हो गया है और दुर्लभ होता जा रहा है, हम महसूस करते होंगे कि भ्रष्टाचारियों की आधी कमर तो टूट गई है बाकी आधी कमर मनी लांड्रिंग के 4 कानूनों के सख्त क्रियान्वयन से टूटेगी।

साथियों बात अगर हम उन चार सख़्त कानूनों की करें तो यह कानून आजकल में नहीं बने हैं बल्कि ध्यान रहे कि कि (1) प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए),2002 में बनाया गया था, लेकिन इसे 1 जुलाई 2005 से लागू किया गया,27 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में पीएमएलए के तहत संपत्तियों को जब्त करने और अटैच करने की, ईडी की शक्ति को बरकरार रखा था (2) फेमा और फेरा अधिनियम इसे हवाला मामलों पर रोक के लिए बनाया गया है ताकि इसका इस्तेमाल मनी लांड्रिंग गतिविधियों और टेरर फंडिंग में ना हो सके (3) इंडियन कस्टम एक्ट 1962 इसमें सरकारी अनुचित इंपोर्ट एक्सपोर्ट और एक्सपोर्ट की गलत जानकारी और क्राइम के लिए सख्त नियम हैं कठोर, कठोर दंड, कारावास है (4) इनकम टैक्स एक्ट 1961 जिसका हर साल समय और परिस्थितियों के अनुसार बजट में फाइनेंस एक्ट के आधार पर संशोधित किया जाता है,यह टैक्स चोरी और मनी लांड्रिंग के लिए सक्षम हैं, फिर भी आने वाले बजट 1 फरवरी 2023 से उम्मीदें हैं कि मनी बढ़ने के इन चारों कानूनों में लीकेजेस पर उपाय जरूर होंगे। इन चारों कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए तो भारत में धन की वर्षा का ठिकाना नहीं रहेगा और भारत का सोने की चिड़िया होना निश्चित रहेगा।

साथियों बात अगर हम हर व्यक्ति को इन कानूनों से खौफ नहीं खाने और कैश, गोल्ड घर पर रखने के उपायों की करें तो नियमों के मुताबिक, एक बार में 50, हजाररुपए से ज्यादा कैश जमा करने या निकालने पर पैन कार्ड नंबर देना जरूरी है। कैश में पे-ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट भी बनवा रहे हैं तो पे ऑर्डर-डीडी के मामले में भी पैन नंबर देना होगा। वहीं 20 हजार रुपये से ऊपर कैश में लोन नहीं लिया जा सकता है। मेडिकल खर्च में 5 हजार रुपये से ज्यादा कैश में खर्च करने पर टैक्स में छूट नहीं मिलेगी। 50 हजार रुपये से ऊपर की रकम फॉरेन एक्सचेंज में नहीं बदली जाएगी। कैश में 2 हजार रुपये से ज्यादा का चंदा या दान नहीं दिया जा सकता है। बिजनेस के लिए 10 हजार रुपये से ऊपर कैश में खर्च करने पर रकम को आपके मुनाफे की रकम में जोड़ी जाएगी। 2 लाख रुपये से ऊपर कैश में कोई खरीदारी नहीं की जा सकती। बैंक से 2 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश निकालने पर टीडीएस लगेगा। नए नियमों के अनुसार घर में कितनी भी कैश रख सकते हो परंतु रखे कैश का सोर्स बताना अब जरूरी है। अगर कोई इसकी जानकारी नहीं दे पाता है तो उसे 137 फीसदी तक पेनाल्टी देनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम घर पर सोना रखने की करें तो, सोना रखने का नियम भारत में वर्तमान में जारी सरकारी दिशा निदेर्शों और नियमकायदों के मुताबिक देश में विवाहित महिला 500 ग्राम तक सोना रख सकती है, जबकि अविवाहित महिला 250 ग्राम और विवाहित पुरुष 100 ग्राम सोना रख सकते हैं, इसके लिए संबंधित व्यक्ति को इनकम प्रूफ देने की जरूरत नहीं होगी। इस लिमिट में कोई सोना रखता है, तो आयकर विभाग उसे जब्त नहीं करेगा वहीं अगर इस लिमिट से ज्यादा गोल्ड घर में मिलता है, तब उसका सोर्स बताना पड़ेगा. वहीं केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के मुताबिक सोर्स की जानकारी देने पर गोल्ड ज्वैलरी रखने पर रोक नहीं है, लेकिन इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 132 के मुताबिक इनकम टैक्स अधिकारियों के पास ये अथॉरिटी है कि वह लिमिट से ज्यादा ज्वैलरी होने पर उसकी जब्ती भी कर सकते हैं, हालांकि अगर आपको विरासत में ज्वैलरी मिलती है तो ये टैक्स के दायरे में नहीं आती, हालांकि इस सूरत में भी यह साबित करना होगा कि ये विरासत में ही मिली है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बजट 1 फरवरी 2023 से उम्मीदें हैं मनी लांड्रिंग के 4 कानूनों में लीकेजेस पर उपाय जरूर होंगे डिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैक मनी का काल बना हुआ है।भारत में मनी लांड्रिंग के 4 कानूनों की सख़्ती ने भ्रष्टाचारियों ब्लैक मनी धारकों की कमर तोड़ी है। कैश गोल्ड घर पर रखने के सटीक उपाय हैं। कानूनों के सख्त क्रियान्वयन करने का जज्बा और जांबाजी सरकारों में हो तो भारत फि र सोने की चिड़िया जरूर बनेगा।

**साथियों बात अगर हम हर व्यक्ति को इन कानूनों से खौफ नहीं खाने और कैश, गोल्ड घर पर रखने के उपायों की करें तो नियमों के मुताबिक, एक बार में 50, हजाररुपए से ज्यादा कैश जमा करने या निकालने पर पैन कार्ड नंबर देना जरूरी है। कैश में पे-ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट भी बनवा रहे हैं तो पे ऑर्डर-डीडी के मामले में भी पैन नंबर देना होगा**

# भारत में विदेशी शिक्षण संस्थान नफा या नुकसान

प्रियंका सौरभ

**विदेशी** विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति देने का सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह पहल न केवल हमारे छात्रों को वैश्विक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगी बल्कि संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करेगी। भारत सरकार इसके लिए तैयार है। भारत में हावर्ड, ऑक्सफोर्ड और येल जैसे विदेशी विश्वविद्यालयों का स्वागत करें। विश्व स्तर पर शीर्ष 500 में शामिल विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ अन्य "प्रतिष्ठित" विदेशी उच्च शिक्षा संस्थान, भारत में परिसर स्थापित कर सकते हैं - जैसा कि देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लिखित है, जिसे 2020 में अपनाया गया था। अंतिम योजनाओं का अनावरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय परिसरों वाले विदेशी विश्वविद्यालय केवल "ऑफलाइन" पूर्णकालिक कार्यक्रम पेश कर सकते हैं, न कि ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति देने का सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह पहल न केवल हमारे छात्रों को वैश्विक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगी बल्कि संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी पैदा करेगी। इस परिवेश में भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों के कामकाज का व्यावसायीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है।

भारतीय उच्च शिक्षा के सामने आने वाली अन्य चुनौतियों में जनसांख्यिकीय संरचना, खराब प्रदर्शन, पारंपरिक प्रणालियों का पालन, डिजिटल विभाजन और स्केलिंग में संघर्ष शामिल हैं। अति-केंद्रीकरण और जवाबदेही और व्यावसायिकता की कमी अन्य मुद्दे हैं। शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का बोझ भी काफी बढ़ गया है, उच्च शिक्षा के मुख्य एजेंडे को कमजोर कर रहा है, यानी ज्ञान प्रदान करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और अनुसंधान, शासन संरचनाओं में सुधार के लिए अकादमिक प्रशासकों में डोमेन विशेषज्ञों की कमी ने भी शिक्षा सुधारों की प्रगति को बाधित किया है। भारत में प्रबंधन सुधारों को प्राथमिकता नहीं देने का एक प्राथमिक कारण यह है कि विश्वविद्यालय नेतृत्व और अकादमिक प्रशासकों के पास आंतरिक प्रशासन संरचनाओं, प्रक्रियाओं और प्रबंधकीय दृष्टिकोणों को बेहतर बनाने के लिए डोमेन विशेषज्ञता नहीं हो सकती है। इस बीच, उच्च शिक्षा के वित्तपोषण पर अनिश्चितता, छात्रों के लगातार बढ़ते नामांकन, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, पारंपरिक प्रणालियों की निरंतरता, डिजिटलीकरण को प्राथमिकता देना और उच्च शिक्षा के निरंतर बाजारीकरण से उच्च शिक्षा संस्थानों की प्रणालियों के पूर्ण आधुनिकीकरण और व्यवसायीकरण की आवश्यकता का संकेत मिलता है। विदेश में उच्च शिक्षा पर भारत स्थित बिजनेस कंसल्टिंग फर्म रेड सीर की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 2016 में 440,000 से बढ़कर 2019 में 770,000 हो गई। यह 2024 तक लगभग 1.8 मिलियन तक बढ़ने वाली है। 2024 तक विदेशी खर्च मौजूदा वार्षिक $28 बिलियन से बढ़कर $80 बिलियन (■8.5 बिलियन से ■4 बिलियन) वार्षिक होने की ओर अग्रसर था। कई छात्र अनुभव के लिए और विदेशों में आडिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैक मनी का काल बना

भारत में मनी लांड्रिंगके 4 कानूनों की सख़्ती नें भ्रष्टाचारियों ब्लैकमनी धारकों की कमर तोड़ी - कैश, गोल्ड घर पर रखने के सटीक उपाय

कानूनों के सख्त क्रियान्वयन करने का जज्बा और जांबाजी सरकारों में हो तो भारत फिर सोने की चिड़िया शीघ्र बनेगा - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - भारत में कुछ वर्षों से मीडिया के माध्यम से हम देख सुन रहे हैं कि बड़े-बड़े सफेदपोश अधिकारी नेता उद्योगपतियों पर विभिन्न कानूनों के अंतर्गत सख्त कार्यवाही हो रही है और उनका अवैध, अज्ञात स्त्रोतों से जमा की गई ब्लैक मनी बरामद हो रही है, तो कुछ लोग डर के मारे देश छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। अभी हाल ही में कुछ महीनों से और दो दिन पहले भी हमने देखे किस तरह नोटों का पहाड़ मंत्री, सांसद, विधायक के घरों से ईडी ने बरामद किए हैं और बीते दिनों में नामी-गिरामी नेतागण ईडी कार्यालय के चक्कर उनको मिले पूछताछ के सम्मन पर लगा रहे हैं।फिर भी जनता को यह उम्मीद है कि मनी लांड्रिंग के चारों कानूनों में उनके लीकेजेस पर संभवतः सख़्ती के उपाय जरूर होंगे।

साथियों हालांकि ऐसा नहीं है कि यह कानून अभी बने हैं परंतु यह बात जरूर है कि इन कानूनों का सख्त क्रियान्वयन उस सख़्ती से नहीं किया गया था जो अब किया जा रहा है और जिन सरकारों के कार्यकाल में यह कानून बने थे अब उन्हीं के गले की फांस बनते जा रहे हैं परंतु आज मुद्दा भारत में मनी लांड्रिंग के 4 कानूनों के सख्त क्रियान्वयन नें भ्रष्टाचार और ब्लैक मनी धारकों की कमर तोड़ दी है, उसका श्रेय कुछ हद तक डिजिटल इंडिया को भी देना जरूरी है क्योंकि संस्कृति के श्लोकों में भी आया है कि, अद्य सम्पूर्णविश्वे डिजिटलइण्डिया इत्यस्य चर्चा श्रूयते। हिन्दीः आज पुरी दूनियाँ मे डिजिटलइण्डिया इसकी चर्चा सुनी जाती है। अब यह भ्रष्टाचारियों और ब्लैक मनी वालों के लिए गले की फांस बन गया है अब हर व्यक्ति कैश और गोल्ड घर पर कितना और कैसे रख सकते हैं इस संबंध में जानकारी जुटा रहे हैं इसीलिए आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम इसी मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम डिजिटल इंडिया भ्रष्टाचार और ब्लैकमनी का काल बनने की करें तो, लद गए वो दिन जब सारा काम मैनुअल होता था, बैक डेट में एंट्री, जाली नाम, जाली इंट्री, लंदफद के अनेक काम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था, परंतु आज

# चीन में करोना विस्फोट, पाकिस्तान में आटे की चोट

संजीव

**भारत** के स्वतंत्रता के पश्चात चीन और पाकिस्तान ऐसे देश हैं जो नींद में भी भारत से दुश्मनी पाल कर रखे हुए हैं। भारत में विगत 75 सालों में विज्ञान टेक्नोलॉजी, रक्षा क्षेत्र, मेडिकल साइंस और कंप्यूटर में चौतरफा विकास कर विश्व में अपना लोहा मनवा दिया है' वैश्विक स्तर पर ऐसा कोई क्षेत्र बचा नहीं है जहां पर भारत में अपनी धमक की उपस्थिति दर्ज नहीं कराई हो' चीन वर्तमान में बुरी तरह से करोना वायरस की चपेट में है वहां की आबादी की 85% जनता करोना वायरस के साए में सांस ले रही है। लगभग 3 लाख लोगों की मौत हो चुकीहैं। अस्पतालों में जगह नहीं है और कब्रिस्तान पूरे भरे हुए हैं। स्थिति नियंत्रण से बाहर है ।दूसरी तरफ पाकिस्तान में त्राहि-त्राहि मची हुई है लोग रोटी के लिए तरस रहे हैं आटे का भाव ढाई सौ रुपए हो चुका है इतने पर भी उपलब्ध नहीं है। सरकार का खर्च चलाने के लिए पर्याप्त धन व्यवस्था भी नहीं है पर यह दोनों देश ना तो विश्वास करने योग्य हैं और ना ही किसी तरह मदद करने के लायक भी नहीं है। चीन के युवान शहर में अक्टूबर 2019 को करोना नामक वायरस का विस्फोट हुआ था जो बाद में पूरे विश्व में फैल कर करोड़ों लोगों की मौत का कारण बना। अक्टूबर 2019 के 3 महीने बाद चीन में लॉक डाउन लगाया गया तब जाकर दुनिया को पता लगा की चीन से ही पूरी दुनिया में करोना नामक भयानक संक्रमण फैला है जो पूरी दुनिया में धीरे धीरे फैल गया, जिसने पूरी दुनिया में मौत का तांडव मचाया था ।अब करोना विस्फोट के मामले में युवान की जगह बीजिंग ले ली है। वहां अब रोज नागरिकों की मौतों का सिलसिला जारी है अस्पताल तथा कब्र गांवों में जगह के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। चीन में सेंसरशिप लागू होने के कारण वहां की सही और सटीक खबरें पूरी दुनिया में नहीं आ पाती हैं पर यह तो तय है कि फिर करोना का नया वैरीअंट ओमीक्रोंन बीएफ ,7 अस्तित्व में आ चुका है और यह पुराने वैरीअंट से ज्यादा खतरनाक है जो 2 घंटे में लगभग दुगने लोगों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में करोना का खतरा चीन के साथ अन्य 10 देशों में जिनमें प्रमुख रूप से जापान, इटली, ब्राजील, मलेशिया, इंडोनेशिया, जर्मनी,फ्रांस, अमेरिका ,मेक्सिको एवं अन्य देशों में प्रसारित हो गया है। चीन की नई गलत शून्य कोविड-19 नीति में छूट देने के कारण पूरे चीन में बीजिंग ,शंघाई सहित करोना के मामले तेजी से बढ़ गए हैं। चीन में हालात ऐसे हैं की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आम जनमानस को नींबू और विटामिन सी वाले फलों को कालाबाजारी से खरीदने पड़ रहे है चीन में नींबू तथा संतरों की जमाखोरी तथा कालाबाजारी जमकर होने लगी है। इसी तरह कोविड-19 से संदर्भित दवाइयों की भी कालाबाजारी चरम सीमा पर शुरू हो गई है ।बीजिंग में रोज मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं और श्मशान घाट में शवों को दफनाने के लिए कतारें लगानी पड़ रही है। चीन के महामारी विशेषज्ञ डॉ जुंयो के अनुसार कॅरोना की इन लहरों के आने की आशंका है।

पहली लहर चीन में फैल चुकी है और दूसरी लहर के जनवरी 23 के अंत में आने की संभावना है और इसी तरह तीसरी लहर भी फरवरी के अंत में आ सकती है। अमेरिका की एक प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार चीन में आगामी 3 लहरों में 10 लाख लोगों की मौत हो सकती है। कोविड-19 के मामलों में चीन के बीजिंग तथा शंघाई शहर अब खतरनाक श्रेणी में आ चुके हैं कोविड-19 नीति में छूट देने के बाद करोना के नए मामलों में विस्फोट हुआ है चिंता की बात यह है कि चीन में बुनियादी मेडिकल सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है खासकर बुजुर्ग तथा बच्चों के मामले में वहां संपूर्ण जनसंख्या का टीकाकरण भी नहीं हुआ है और दूसरी बात यह है कि उनकी वैक्सीन भी मानक स्तर से कमतर होने की वजह से प्रभावी भी नहीं हो पा रही है जिससे करोना का पर्याप्त इलाज नहीं किया जा सकता है। चीनी सोशल मीडिया की एजेंसी वीचैट के अनुसार शंघाई में स्कूलों में ओंनलाइन कक्षा संचालित करने के कड़े आदेश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीजिंग तथा शंघाई में अस्पतालों में बिस्तर की मारामारी हो रही है और कब्रिस्तान के बाहर लंबी शवों की कतारों वाली गाड़ियां मिलो दूर तक दिखाई दे रही है।

## बच्चा, बचपन और बचपना

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**काश** अभिनव के हाथ में एक कलम होती तो न जाने उसके कितने सपने कलम होने से बच जाते। जिसके हाथ कलम होनी चाहिए उसके हाथ झूठे चाय के कप, समोसे की प्लेटें, पोंछा आदि की शोभा बढ़ा रहे हैं। महामारी के चलते पिता स्वर्ग सिधार गए और माता महँगाई के नरक में अकेले नहीं झुलस सकती इसलिए बेटे को भी इसका ताप महसूस करने के लिए एक सेठ के घर तपने के लिए भेज दिया। उसे नाश्ता, भोजन खूब मिलता था। वह भी डांट का। शरीर इतना हृष्ट-पुष्ट बन चुका था कि अब उसे आत्मसम्मान के वायरस से घृणा होने लगी थी। सरकारी आंकड़ों में उसकी गिनती तो थी, लेकिन सिर्फ ड्रॉप आउट की तरह। जबकि सेठ उससे इतना काम करवा रहा था कि वह बहुत जल्द आउट से लेट हो जाए। पीठ पर स्कूल का बस्ता ढोता तो था, लेकिन अपना नहीं मालिक के बच्चे का। अपनी पीठ पर दूसरों की पुस्तक का बोझ ढोना जीते जी मरने वाली पीड़ा से कम नहीं होता है। अभिनव की तरह ऐसे बच्चों से काम करवाना गैर-कानूनी है, न करवाओ तो पहुँचे हुए सेठों के लिए बेइमानी है। उनका ईमान तो इन बच्चों से उनका बचपना छीनकर अपना सेठपन सिद्ध करने में होता है। सुनने के लिए मधुर संगीत की कमी नहीं है, लेकिन लगातार अपने मालिक की चिल?लझ्रपों सुने बिना अभिनव के कानों को सुकून ही नहीं मिलता। वह बड़ा आदमी तो नहीं बनेगा लेकिन बड़ा जरूर होगा। सिसकते, सहमते, सड़ते हुए। कुछ सपने देखने के लिए होते हैं।

## फटाफट खबरें

### पाक्सो एक्ट व दुष्कर्म में दो को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** स्पेशल न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल की अदालत ने शिवा पुत्र बाबू पंडित निवासी अतरौलीमाफी थाना राजापुर को छेडछाड व पाक्सो एक्ट के मामले में चार वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अदालत में चल रहे इस मामले की सघन पैरवी राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार आकाश यादव ने की थी। अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द व शासकीय अधिवक्ता तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते विद्वान न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी शिवा पुत्र बाबू पंडित को सजा सुनाई।

इसी क्रम में कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा एवं पैरोकार बाबूलाल की पैरवी के चलते लोक अभियोजक राजेश कुमार की प्रभावी बहस के नतीजतन स्पेशल न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने दुष्कर्म के आरोपी महफूज खान पुत्र मकसूद खान निवासी बिजली पावर हाउस पहाडी रोड नई बस्ती कोतवाली कर्वी को दस वर्ष की सजा व 14 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

### 28 को सांसद खेलकूद स्पर्धा में भाग लें खिलाड़ी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा से जी20 सांसद खेलकूद स्पर्धा की बैठक सांसद आरके सिंह पटेल के आवास में हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 28 जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा के तहत प्रतियोगितायें होंगी।

सोमवार को हुई बैठक में 28 जनवरी को एथलेटिक बालक-बालिका कबड्डी, खो-खो, बास्केट बाल, बालीबाल का आयोजन सवेरे होगा। इसमें प्रवेश निःशुल्क तथा आयु का कोई प्रतिबंध नहीं है। संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले खिलाडी कोई भी भाग ले सकते हैं। विजेता-उपविजेता तथा एथलेटिक्स में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा।

भाग लेने के इच्छुक खिलाडी अपनी सूची एथलेटिक प्रशिक्षक अंगद सिंह या युवा कल्याण विभाग के सिद्धार्थ निगम को दे सकते हैं। बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल, एथलेटिक्स संघ के सचिव शक्तिप्रताप सिंह तोमर, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, सुलतान सिंह, श्यामसुन्दर, श्रीकेशन आदि मौजूद रहे।

### कभी नहीं भूलेंगे सुभाषचन्द्र बोस: प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि देश की आजादी में नेताजी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी लोगों को नेताजी को हमेशा दिल से याद करना चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सोमवार को शासन के दिशा-निर्देश पर सड़क सुरक्षा के तहत मानव श्रृंखला बनायी गयी। सभी लोगों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को यातायात नियमों को पालन करने तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने की शपथ दिलायी। महाविद्यालय से बेडीपुलिया चैराहे तक छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों ने रैली निकाली। रैली में आस-पास के लोगों समेत सडक पर चलने वाले राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। एनएसएस तथा रोवर रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने किया। छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेते हुए जनसाधारण को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

### आवारा सांड ने किसान को पटक-पटक कर किया घायल

**रायबरेली।** जिले में आवारा सांड का कहर किसानों पर जमकर टूट रहा है। कहीं ना कहीं सांड के हमले से गंभीर घायल तथा असमय काल के गाल में समा जाते हैं। इन दिनों देश में आवारा पशुओं का आतंक आपने चर्म पर है। आए दिन ये आवारा गोवंश किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाते या फिर किसी को आपन शिकर बनाते नजर आते हैं।
इसी क्रम शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत देसी गांव का है। जहां खेत गए एक मासूम हिमांशु उम्र 7 वर्ष को आवारा सांड पटकने लगा और सींग बच्चे के पेट में घुसने से बच्चे का पेट फट गया और उसकी आंतें पेट से बाहर निकल आईं। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सांड को वहां से भगाया और एंबुलेंस की मदद से घायल मासूम को सीएचसी ले गये, जहां हालत गंभीर होते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन यहां पर भी डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए और उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया।

### ट्रक और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत, बाइक सवार की मौत

**डलमऊ। डलमऊ कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में ट्रक और बाइक चालक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई से जिसमें बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना को देखकर मौके पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को वाहन समेत पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। डलमऊ कोतवाली के पास कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरे लालता मजरे देवली निवासी शिवम यादव 22 वर्ष पुत्र राजाराम रविवार को अपनी बाइक यूपी 33 एस 6861 से अपनी बीमार मां की दवाई लेने के लिए एम्स गया था। एम्स से वापस बाइक से घर आते समय रायबरेली डलमऊ मुख्य मार्ग पर स्थित चौदह मील के पास करीब शाम 5:00 बजे डलमऊ से रायबरेली जा रहे ट्रक संख्या यूपी 71 एटी 4240 के चालक ने जोरदार बाइक सवार चालक को सामने से टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई घटना को देखकर मौके पर मजमा लग गया। लोगों ने इस मामले की तत्काल सूचना घुरवारा चौकी प्रभारी महेश कुमार यादव को दी, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे घुरवारा चौकी प्रभारी महेश कुमार यादव ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वही स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर ही ट्रक चालक और ट्रक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रायबरेली मार्ग के मध्य स्थित चौदह मील के पास रविवार को करीब शाम 5:00 बजे बाइक सवार को ट्रक चालक ने जोरदार सामने से टक्कर मार दिया जिसमें से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद करीब आधे घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित हो गया देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई जिसके चलते मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा होने लगी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह जाम खुलवाया।

# विभिन्न मन्दिरों से चोरी के 155 घंटा बरामद

## एसपी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अन्र्तजनपदीय चोर गैंग का पुलिस ने खुलासा कर विभिन्न मन्दिरों से चोरी 155 घंटा एवं तमंचा व कारतूस बरामद किये हैं।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पत्रकारों को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागृह में बताया कि कोतवाली कर्वी के तरौंहा स्थित झारखंडी माता मन्दिर से चोर 13-14 दिसम्बर 2022 की रात चोरों ने घंटा चुराया था। ये मामला तरौंहा के छिपटहरी मोहल्ले के दिनेश कुशवाहा पुत्र महावीर ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराया था। कर्वी कोतवाल व सर्विलांस प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन कर्वी की चहारदीवारी के पास से मेराज अहमद पुत्र मो सईद निवासी बरुईखुर्द थाना थरियांव जिला फतेहरपुर के कब्जे से चोरी के 54 घंटा व एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। उसकी निशानदेही पर सुनील सोनी पुत्र जवाहर सोनी निवासी बबेरु के गोदाम से 101 पीतल के घंटे बरामद हुए। पूंछताछ में चोर ने बताया कि उसका साथी कमल गुप्ता पुत्र बाबू गुप्ता निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर के पास बुलेरो यूपी 71-पी 0469 है। उसका वह चालक है। अन्य साथी रामकिशोर उर्फ बडकउना पुत्र केशपति निवासी बैरक थाना मर्का जिला बांदा व पुन्ना उर्फ माहिल निषाद पुत्र जीवन निवासी लोहारन गढवा मजरा गम्हरी थाना गाजीपुर पांचों लोग मन्दिरों से घंटा चुराकर राज गुप्ता व रामदीन गुप्ता निवासी बबेरु के साथ मिलकर चोरी किये घंटों को जवाहर सोनी व



सुनील सोनी बबेरु को बेंचते हैं।

चोरों ने बताया कि पांचों लोग अलग-अलग तारीखों में विभिन्न मन्दिरों से घंटा चोरी करते थे। छोटे-छोटे घंटों को चित्रकूट मेला में बेंचने आते थे। पुलिस के कमल गुप्ता, रामदीन गुप्ता, जवाहर सोनी, सुनील सोनी की गिरफ्तारी को प्रयास जारी है। गिरफ्तार चोर मेराज अहमद का खासा अपराधिक इतिहास है। टीम में अपराध निरीक्षक कर्वी कोतवाली के प्रभुनाथ यादव, दरोगा विनय विक्रम सिंह, सिपाही संजीव सिंह, आकाश कुमार, गोलू भार्गव व सर्विलांस टीम निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान रईश अहमद, सिपाही शरद कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित सिंह शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने लोगों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर सडक सुरक्षा माह के तहत पांच जनवरी से चार फरवरी तक के अभियान के क्रम में मानव श्रृंखला कवी, राजापुर, मऊ व मानिकपुर में बनाई गई। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में मानव श्रृंखला में एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने पुलिस अधिकारियों के साथ चित्रकूट इंटर कालेज एवं एनसीसी, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने बैंड-बाजे के साथ सडक सुरक्षा की शपथ में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई।




सोमवार को जिला मुख्यालय के पटेल तिराहे में एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि समेत सभी लोगों को जिलाधिकारी ने सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई। तहसील राजापुर में एसडीएम प्रमोद कुमार झां ने सम्भागीय परिवहन निरीक्षक प्राविधिक गुलाबचन्द्र की अगुवाई में शपथ दिलाई। उपजिलाधिकारी मऊ नवदीप शुक्ला की अगुवाई में एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला प्रवर्तन ने हिस्सा लिया।
मानिकपुर में एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में यात्री कर/माल कर अधिकारी संतोष तिवारी ने सडक सुरक्षा माह में हिस्सा लिया। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता के साथ हजारों की तादाद में लोगों ने सडक सुरक्षा की शपथ ली। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पटेल तिराहे में छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाकर यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित रहने के उपाय बताये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव, चित्रकूट इंटर कालेज के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, यातायात प्रभारी मनोज कुमार, टीएसआई योगेश कुमार यादव ने बस स्टैण्ड में ई-रिक्शा चालकों व आटो चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई।

# बिना नोटिस के लोगों को न करें रातोंरात बेघर: विधायक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा अध्यक्ष समेत सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिला प्रशासन जानबूझकर छोटे व्यापारियों एवं आम जनता को बिना नोटिस के लोगों के आशियाने व व्यापारियों की दुकानें ढहा रहा है। उन्होंने मांग किया कि इस मामले की जांच को उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर सुनिश्चित करें कि बिना पूर्व लिखित सूचना/नोटिस के नियमों को ताक में रखकर आम जनमानस के हक में कटौती का किसी को रातोंरात बेघर न किया जाये।



सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा अध्यक्ष समेत सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बिना किसी नोटिस के गरीबों के आशियाने एवं व्यापारियों की दुकानें गिराई जा रही हैं।
ट्राफिक चैराहा में अतिक्रमण एवं सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर पूरे चैराहे के आसपास जेसीबी मशीन से जबरियां बिना पूर्व सूचना के ढहा दिये गये। पहले कहा गया कि ये जमीन जिला पंचायत की है। लोनिवि ने बताया कि उनकी जमीन है। चहारदीवारी को गिराकर जब कब्जे की बात आई तो कुछ लोग न्यायालय पहुंचकर अपनी जमीन होने का दावा करने लगे। प्रशासन ने रातोंरात सैकडों मजदूर लगाकर पुनः चहारदीवारी बना दी।

उन्होंने कहा कि पुरानी सब्जी मंडी स्थित रजिस्ट्री आफिस एवं महिला थाना के आसपास क्षेत्र के घरों को गिराने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जबकि वहां के लोगों का कहना है कि उन्होंने उच्च न्यायालय से स्टे ले रखा है। इसी प्रकार गल्ला मंडी कर्वी के आसपास स्थित दर्जनों घरों को बिना किसी नोटिस के गिराने की प्रक्रिया शुरू है। वहां के मकान मालिकों का कहना है कि ये उनकी जमीन है। मंडी बनते समय कुछ लोगों को बिना मुआवजा के जमीन अधिगृहीत की गई थी। कुछ लोगों ने कहा कि उनकी जमीन अधिगृहण में गई ही नहीं। जबरियां बिना नोटिस के जिला प्रशासन घरों को गिराने की कार्यवाही कर रहा है। विधायक ने जांच समिति गठित कर लोगों को रातोंरात बेघर न करने की मांग की है।

# कर्वी को 22 रनों से हराकर बदौसा टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सदर ब्लाक के पुरवा तरौहां में खेले जा रहे मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप के अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच में बदौसा के श्रीराम स्पोटिंग क्लब टीम ने मछली मंडी कर्वी की टीम को 22 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।
सोमवार को मैच की शुरूवात मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मोहनलाल और विशिष्ट अतिथि सहदेव यादव, मेराज सिद्दीकी, इमाम हसन ने खिलाड़ियो से परिचय लेकर कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 15 ओवर छह विकेट खोकर 116 रन बनाये। बदौसा के मनोज ने सर्वाधिक 37 रन 34 गेंद में, अमित ने 26 रन और विष्णु ने 13 रन बनाये। कर्वी के उत्कर्ष ने



चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मछली मंडी कर्वी टीम की शुरूवात सधी हुई रही। समय-समय पर विकेट गिरने के कारण मछली मंडी कर्वी टीम मात्र 15 ओवर में आठ विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी और मुकाबला 22 रन से हार गई। चार विकेट और दो रन बनाने वाले बदौसा के खिलाड़ी पिक्कू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आशीष त्रिपाठी, मोहनलाल वर्मा, शिवसागर वर्मा ने दिया। मैच में अंपायर ललित त्रिपाठी, अनीश बाजपेयी, कॉमेंटेटर इब्रान हसन, जानकी शरण, स्कोरर तीरथ वर्मा, रमेश मिश्रा रहे। सहयोगी के रूप में अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, हिमांशु, अभिषेक त्रिपाठी, अंकुर समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### मोबाइल शाप में आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**वाराणसी।** पांडेयपर चौराहा स्थित एक कैंपलेक्स के मोबाइल शॉप में शनिवार की देर रात आग लग गई।दुकान आग की चपेट में आने से लाखो रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग पर जबतक काबू पाया जाता तबतक दुकान में रखे मोबाइल पार्ट और अन्य सामान जलकर खाक हो चुके थे।उधर दुकानदार अवतार गुप्ता ने कहा कि अभी यह बता पाना मुश्किल है कि कितने का सामान नुकसान हुआ है।सामान का मिलान करने पर ही निर्भर होगा।

### डीआईजी के आदेश पर कोतवाली प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन

**बिजनौर।** डीआईजी के आदेश पर कोतवाली प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गुमशुदा लोगों के परिजनों से जानकारी लेकर मदद का भरोसा दिलाया। रविवार को कोतवाली प्रांगण अफजलगढ़ में डीआईजी के आदेश पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डीआईजी शलभ माथुर ने गुमशुदा चल रहे लोगों की तलाश करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।
साथ ही सभी थाना प्रभारियों को गुमशुदगी मामले में गंभीरता दिखाने की भी हिदायत दी है। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कई लोग ऐसे हैं, जिनकी घर वापसी की आस लगाए आज भी कई परिजन बैठे हैं, लेकिन अब तक गुमशुदा की कोई खबर नहीं है। ऐसे में गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए पुलिस ने एक स्पेशल टीम गठित की है, जो गुमशुदा लोगों की तलाश में तेजी के साथ काम करेंगी।
उन्होंने बताया कि कोतवाली अफजलगढ़ में कुल 21 महिला पुरूषों की गुमशुदगी दर्ज है। जबकि तीन लड़कियां विवाहिता है। वही दो मुकदमे दर्ज हैं?। कई गुमशुदा के परिजनों ने कार्रवाई से साफ इंकार कर दिया। जो गुमशुदा लोग है? पुलिस टीम उनको तलाश करने का काम करेंगी। इस अवसर पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के आलावा एसएसआई आशीष तोमर,कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया, अनोखेलाल गंगवार,एसआई जीत सिंह पुंडीर,पूर्व प्रधान पति शाहिदुल्ला,कांस्टेबल विकास बाबू,विजय तोमर,अकील अहमद,कांस्टेबल सचिन कुमार, पंकज कुमार, कांस्टेबल नितिन यादव, शैलेन्द्र कांत,विजय तोमर तथा जाबिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### नशा खिलाकर ई-रिक्शा लूटने की घटना पुलिस जांच में निकली भ्रामक व असत्य

**उरई(जालौन)।** 22 जनवरी 2023 को दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशित शीर्षक 'चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा ले गए बदमाश' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि थाना कोतवाली उरई पर कल दिनांक 21 जनवरी को शाम करीब 4 बजे आवेदक द्वारा सूचना दी गयी कि कल से मेरा ई रिक्शा नहीं मिल रहा है । घटना के बारे में विस्तार से पूछने पर बताया की घटना से पहले मैंने दो व्यक्तियों के साथ में बैठकर शराब पी थी। अत्यधिक शराब पीने के कारण चालक अपने होश में नहीं रहा और उसे ये भी नहीं पता की मैंने रिक्शा कहा छोड़ा था, या कोई ले गया।
परिजनों के साथ आवेदक जब शिकायत करने आया तो भी नशे की हालत में था। कल दिनांक 21 जनवरी 2023 को उपरोक्त ई रिक्शा लावारिस हालत में हाईवे के पास खड़ा मिला है । जिसके संबंध में आवेदक को सूचना कल ही दे दी गई थी लेकिन अभी तक आवेदक अपना ई-रिक्शा लेने नहीं आया है। अब तक की जांच से लूट जैसी किसी घटना का होना नहीं पाया गया है। आवेदक कल भी सूचना के समय नशे में था और घटना के बारे में सही से समय स्थान नहीं बता पा रहा था तलाश करने पर ई-रिक्शा कल ही मिल गया था कल से आवेदक को ई-रिक्शा ले जाने के लिए कहा जा रहा है परंतु आ नहीं रहा है आवेदक का रिक्शा न तो छीना गया है न ही चोरी हुआ है आवेदक शराब के नसे में ई-रिक्शा भूल गया था । चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा ले गए बदमाश की घटना असत्य है। कोतवाली उरई(जालौन) पुलिस इस खबर का खण्डन करती है।

### सुरक्षा का अहसास कराते हुए किया गया कोतवाली का निरीक्षण, दिये गए निर्देश

**उरई(जालौन)।** जालौन पुलिस अधीक्षक ईराज राजा द्वारा जनपद में सुरक्षा/ शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कोंच व कोत0 कोंच पुलिस बल के साथ कस्बा कोंच में मुख्य मार्गों ,भीड़भाड़ वाली जगहों तथा बाजार आदि स्थानों पर पैदल गस्त करते हुये सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं व्यापारियों, दुकानदारों तथा आमजनमानस से जनसंवाद कर कराया सुरक्षा का एहसास।
पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा थाना कोंच का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं थाना कार्यालय के अभिलेखों व एचएस इंडेक्स का अवलोकन कर अभिलेखों के रखरखाव/अध्यावधिक, लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी ,थाना परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# पाकिस्तान में ग्रिड फेल, राजधानी इस्लामाबाद सहित देशभर में बिजली गुल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। महंगाई और आर्थिक संकट झेल रहे पाकिस्तान में सोमवार सुबह अचानक ग्रिड फेल होने से बिजली संकट उत्पन्न हो गया। राजधानी इस्लामाबाद सहित देशभर में बिजली गुल हो गई।

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, प्रमुख शहरों लाहौर व कराची सहित देशभर के बड़े हिस्से की बिजली गुल है। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि पाकिस्तान के नेशनल ग्रिड की फ्रिक्वेंसी फेल हो गई है। नेशनल ग्रिड पूरे देश की विद्युत आपूर्ति पर नियंत्रण रखती है। सुबह सात बजकर 34 मिनट



पर ग्रिड फेल होने से देश भर के पावर सिस्टम प्रभावित हो गया और अचानक सभी बड़े शहरों की बिजली गुल हो गयी। अधिकारी स्थिति ठीक करने की मशक्कत में लगे हैं। बताया गया कि पाकिस्तान के 22 करोड़ लोग बिजली संकट झेलने को विवश हैं। अधिकारी सबसे पहले इस्लामाबाद के प्रमुख हिस्सों की बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में जुटे हैं, किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिल रही है।

पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक क्वेटा और गुड्डू के बीच हाई टेंशन लाइन में आई अचानक बड़ी खराबी से ग्रिड फेल होने की स्थिति उत्पन्न हुई है। मंत्रालय ने अगले 12 घंटे में विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रति आश्वस्त किया है। इससे जनाक्रोश बढ़ रहा है। लोग बिजली कार्यालयों में पहुंच कर हंगामा कर रहे हैं। बलूचिस्तान के सभी 22 जिले भीषण बिजली संकट की चपेट में हैं।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में अंधाधुंध फायरिंग, 9 लोगों की मौत, कई घायल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया के मोंटेरे पार्क में चीन के नववर्ष समारोह में रात अंधाधुंध फायरिंग हुई, जिसमें 16 लोगों को गोली लगी। इनमें से 9 लोगों की मौत होने की खबर है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने गोलीबारी के संबंध में आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। स्थानीय समयानुसार गोलीबारी की घटना रात 10 बजे हुई। रिपोर्ट के मुताबिक मोंटेरे पार्क में आयोजित चीनी नववर्ष समारोह में गोलीबारी की घटना हुई। मोंटेरे पार्क लॉस एंजिल्स काउंटी का एक शहर है, जो लॉस एंजिल्स के



डाउनटाउन से करीब 11 किलोमीटर दूर है। घटनास्थल के पास स्थित सी फूड बारबेक्यू रेस्टोरेंट के मालिक सेउंग वोन चोई ने लॉस एंजिल्स टाइम्स से कहा है कि यह गोलीबारी गार-वे एवेन्यू पर हुई है। गोलीबारी की आवाज सुनकर तीन लोग भागकर आए। उन्होंने रेस्टोरेंट का दरवाजा बंद कर आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि इलाके में एक व्यक्ति मशीन गन से लोगों को निशाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर जारी फुटेज में आपातकालीन कर्मचारियों को घटनास्थल पर हताहतों का इलाज करते और पुलिस को सड़कों पर पहरा देते हुए दिखाया गया है। इससे पहले फ्लोरिडा के फोर्ट पियर्स में गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें कम से कम 8 लोग घायल हो गए थे। फोर्ट पियर्स के इलौस एलिस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए कई तरह के खेलों का भी आयोजन किया जा रहा था।

# पाकिस्तान : इस्लाम कुबूल नहीं करने पर हिंदू लड़की के साथ दरिंदगी

**कराची।** पाकिस्तान में हिन्दू लड़की पर जुल्म और ज्यादती का एक और मामला सामने आया है। दक्षिणी सिंधप्रांत में एक विवाहित हिंदू लड़की का अपहरण कर इस्लाम कुबूल करने के लिए डराया-धमकाया गया। जब लड़की ने ऐसा करने से इनकार किया तो उसके साथ तीन दिनों तक दुष्कर्म और दरिंदगी की गई। इतना नहीं पुलिस ने भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। इंटरनेट पर अपलोड वीडियो में पीड़ित हिंदू लड़की ने बताया कि उमरकोट जिले के समराव कस्बे में उसके साथ दुष्कर्म किया गया, लेकिन पुलिस ने संदिग्धों के खिलाफ अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखी है।

एक स्थानीय हिंदू नेता ने बताया कि तक मीरपुरखास की पुलिस लड़की के बताए आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज नहीं कर सकी है। रिपोर्ट दर्ज कराने के इंतजार में पीड़ित लड़की और उसके परिवार के सदस्य पुलिस स्टेशन के बाहर ही बैठे हैं।

विवाहित लड़की ने बताया कि उसका अपहरण इब्राहिम मंगरियो, पुन्हो मंगरियो नामक दो लोगों और उनके साथियों ने किया था। पहले से शादीशुदा हिंदू लड़की ने वीडियो में बताया कि पहले उसे डराया-धमकाया गया और इस्लाम कुबूल करने को कहा गया। लेकिन जब वह इसके लिए नहीं मानी तो तीन दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया। किसी तरह वह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से निकल कर भागने में कामयाब हो पाई।




सिंध के आंतरिक इलाकों में युवा हिंदू लड़कियों का अपहरण, मतांतरण एक प्रमुख समस्या बन चुकी है। सिंध के थार, उमरकोट, मीरपुरखास, घोटकी और खैरपुर क्षेत्रों में बड़ी तादाद में हिंदू आबादी रहती है। पिछले साल जून में करीना कुमारी नाम की एक हिंदू किशोरी ने पाकिस्तानी अदालत को बताया था कि उससे बलपूर्वक इस्लाम कुबूल करवाया गया और जबरन मुसलमान से निकाह पढ़वाया गया। पिछले साल मार्च में तीन हिंदू लड़कियों सतरन ओड, कविता भील और अनीता भील का अपहरण कर जबरन उनका मतांतरण किया गया और आठ दिनों के अंदर ही मुस्लिम पुरुषों से निकाह करा दिया गया। ऐसे ही पिछले साल के 21 मार्च के एक अन्य मामले में पूजा कुमारी को उसके घर के बाहर ही गोली मारी गई थी।

**इंटरनेट पर अपलोड वीडियो में पीड़ित हिंदू लड़की ने बताया कि उमरकोट जिले के समराव कस्बे में उसके साथ दुष्कर्म किया गया।**

## तालिबान पर मेहरबान हुआ लाल सुल्तान, मुहैया करा रहा मॉर्डन हथियार

**बीजिंग।** पाकिस्तान के आतंकियों का पक्ष लेने वाला चीन खुद अब आतंकियों से डरा हुआ है।चीन ने आईएसआईएस खुरासान को खत्म करने के लिए तालिबान की ताकत बढ़ाने का फैसला लिया है। तालिबान को चीन अब घातक हथियार दे रहा है ताकी वो आईएसआईएस खुरासान के आतंकियों का सफाया कर सरे। चीन को डर है कि आतंकियों की वजह से पाकिस्तान और अफगानिस्तान में चाइनीज प्रोजेक्ट नाकाम हो सकते हैं। चीन ने तालिबान की सरकार को मजबूत बनाने के लिए हथियारों की सप्लाई शुरू की है। चीन का मकसद तालिबान को इतना ताकतवर बनाना है कि वो आईएसआईएस खुरासान को कुचल सके। वैसे तो तालिबान के पास हथियारों की कमी नहीं है। लेकिन चीन अब उसे ऐसे हथियार दे रहा है जिसे तालिबानी दूर रहकर भी आतंक के अड्डों को तबाह कर सकते हैं। अफगानिस्तान में अपने नागरिकों की रक्षा के नाम पर चीन तालिबान को अत्याधुनिक हथियार दे रहा है। 'द जेम्सटन फाउंडेशन' 'की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। अफगानिस्तान में जारी हिंसा और अस्थिरता से चीन को इकनॉमिक कारिडोर (सीपीईसी) समेत अपने हितों पर खतरा मंडरा रहा है। उसे लगता है कि यह स्थिति रही तो उसके महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) की सफलता पर आंच आ सकती है।



## कुरान अपमान पर स्वीडन-तुर्कीए में तनाव


**स्वीडन।** नाटो सदस्यता को लेकर चल रहे विवाद के बीच स्वीडन में कुरान जलाने से तुर्की समेत मुस्लिम देशों में बवाल मचा हुआ है। इंस्ताम्बुल में लोगों ने स्वीडन के दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया और कुरान जलाने वाले स्वीडीश एक्टिविस्ट रासमस पलूदान की तस्वीर जलाकर विरोध जताया। तुर्की स्वीडन को नाटो में शामिल होने में अड़ंगा लगा रहा है और इसी को लेकर स्वीडन में तुर्की के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन में दक्षिणपंथी स्वीडि समर्थक रासमस पलूदान ने कुरान जलाकर तुर्की का विरोध जताया। इस घटना से तनाव और बढ़ गया है। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में एक दक्षिणपंथी कार्यकर्ता ने तुर्की के दूतावास के सामने धर्मग्रंथ को जला दिया। इसके बाद से तुर्की से लेकर पाकिस्तान तक, दुनियाभर में मुस्लिम समुदाय के लोग स्वीडन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वजह यह कि रासमस पलूदान नाम के कार्यकर्ता ने पुलिस से अनुमति लेने के बाद पवित्र किताब को जलाया। इसक लिए उसे पुलिस सुरक्षा तक दी गई। इससे नाराज तुर्की के रक्षा मंत्री ने स्वीडन का दौरा रद्द कर दिया। ये दौरा स्वीडन के नाटो सदस्य बनने के लिए काफी अहम था।



# ऑस्ट्रेलिया के इस्कॉन मंदिर में भारत विरोधी नारे मिले : दीवारों पर लिखा- खालिस्तान जिंदाबाद, जनवरी में तीसरी घटना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में लगातार मंदिरों पर हमले के मामले सामने आ रहे हैं। अब मेलबर्न के अल्बर्ट पार्क में बने इस्कॉन मंदिर में भारत विरोधी नारे लिखे मिले। ये बीते 15 दिनों में तीसरी घटना है।

द ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर की दीवार पर खालिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ है। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि वे पूजा स्थल पर इस तरह की हरकत से बेहद हैरान और नाराज हैं। यह हमला विक्टोरियन मल्टीफेथ नेताओं की विक्टोरियन




मल्टीकल्चरल कमीशन के साथ आपात बैठक के दो दिन बाद हुआ है। ये बैठक इस तरह की घटनाओं के बार-बार होने को लेकर हुई थी।

**हिंदू समुदाय के लोगों ने जताई नाराजगी**

इन घटनाओं पर विक्टोरिया पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश के लिए CCTV चेक किए जा रहे हैं। वहां रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों ने इस परा नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि पिछले दो हफ्तों में विक्टोरिया पुलिस उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है, जो हिंदू समुदाय के खिलाफ अपना नफरत भरा एजेंडा चला रहे हैं।

वहीं कुछ लोगों ने कहा कि क्या हम सड़कों पर उतरेंगे तभी विक्टोरिया सरकार और विक्टोरिया पुलिस अपनी नींद से जागेगी।

**पिछली दो घटनाएं, खालिस्तान समर्थकों पर आरोप**

पिछले 15 दिनों में दो और मंदिर में ऐसी घटनाएं सामन आई हैं। ऐतिहासिक श्री शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। इससे पहले 12 जनवरी को मेलबर्न में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भी भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे। भक्त उषा सेंथिलनाथन ने बताया था कि जब सोमवार को मंदिर में पोंगल उत्सव मनाने के लिए आईं, तो उन्होंने मंदिर में भारत विरोधी नारे देखे। लोगों ने हमले का आरोप खालिस्तान समर्थकों पर लगाया है।

# यूक्रेन को मिलेगा खतरनाक टैंक 'लेपर्ड' : जर्मनी की मंजूरी के बाद पोलैंड करेगा डिलीवरी

**जर्मनी।** जर्मनी में US रैमस्टीन एयरबेस में 50 देशों ने मुलाकात की। इस मुलाकात का मकसद यूक्रेन को रूस से लड़ने में मदद के लिए खतरनाक टैंक देना था। दो दिनों तक यह बैठक बेनतीजा रही।

जर्मनी अपने टैंक्स यूक्रेन को देने में हिचक रहा है। हालांकि, रविवार को जर्मनी ने पोलैंड के जरिए यूक्रेन को अपना लेपर्ड 2 टैंक देने की मंजूरी दे दी है। जर्मनी में बना लेपर्ड 2 टैंक दुनिया के खतरनाक टैंकों में से एक माना जाता है। अफगानिस्तान और सीरिया युद्ध में भी इसका इस्तेमाल किया जा चुका है।

**'हमें पता है ये टैंक कितने जरूरी हैं'**

पेरिस में एक मीटिंग के दौरान जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक ने एक बयान दिया है। इसे यूक्रेन को टैंक देने की मंजूरी के तौर पर देखा जा रहा है। मीटिंग में उन्होंने कहा कि हमें पता है कि ये टैंक कितने महत्वपूर्ण हैं। इसलिए हमें अपने पार्टनर्स के साथ इसकी डिलीवरी को लेकर इतनी बातचीत करनी पड़ रही है। हम चाहते हैं कि लोगों की जान बचे और यूक्रेन खुद को रूस के कब्जे से आजाद करवा पाए।

हालांकि जर्मनी खुद यूक्रेन को ये टैंक्स नहीं देगा, बल्कि उसने पोलैंड को मंजूरी दी है कि



वो जर्मनी में बने अपने लेपर्ड 2 टैंक्स यूक्रेन को दे सकता है। दरअसल यूक्रेन को सीधे इस तरह के खतरनाक हथियार देना रूस से दुश्मनी को बढ़ाना होगा। इसके लिए जर्मनी बिल्कुल तैयार नहीं है। रूस ने भी यूक्रेन को खतरनाक हथियार देने पर चेतावनी दी है। रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि यूक्रेन को हथियार देकर पश्चिमी देश अपने खात्मे को बुलावा दे रहे हैं।

**जर्मनी ने अमेरिका को कहा वो भी दे टैंक**

रूस का सामना करने के लिए यूक्रेन पूरी तरह से पश्चिमी देशों के हथियारों पर निर्भर करता है, जो उसे मिल भी रहे हैं। हालांकि, अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देश कुछ चुनिंदा हथियार यूक्रेन को देने में नाकामयाब रहे हैं। जिनकी यूक्रेन लगातार मांग कर रहा है। अमेरिका भी जर्मनी पर यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने का दबाव बनाए हुए है। इसी बीच जर्मनी ने मांग की थी कि अमेरिका भी अपना टैंक अब्राम यूक्रेन को दे।

**यूक्रेन की कैसे मदद करेगा ये लेपर्ड टैंक**

लेपर्ड टैंक को पहली बार 1970 में बनाया गया था, ताकि अमेरिका में बने M48 पैटन को रिप्लेस किया जा सके। हालांकि, कुछ ही समय में ये टैंक यूरोप समेत दुनिया में फेमस हो गया। लेपर्ड टैंक को अपनी बहुत सारी खूबियों के चलते ऑलराउंडर कहा जाता है।

टैंक की मूव करने की स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि इसकी फायर करने की रेंज 50 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। लेपर्ड की एक बड़ी खूबी यह भी है कि ये टैंक चलाने वाले को चौतरफा सुरक्षा देता है। ये माइंस के खतरे से बचाता है। साथ ही इसमें एंटी टैंक फायर सिस्टम भी है। UK के इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज के मुताबिक अगर यूक्रेन को 100 लेपर्ड टैंक भी मिल जाते हैं तो इसका युद्ध पर काफी ज्यादा असर होगा। इससे जंग के मैदान में सैनिकों को तेजी से दुश्मन के खिलाफ आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

# सीरिया के अलेप्पो में इमारत गिरने से 16 लोगों की मौत

**बेरूत।** सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में तड़के पांच मंजिला इमारत के ढह जाने से एक बच्चे समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले शेख मकसूद क्षेत्र में हुआ। हादसे के समय इमारत में 30 लोग मौजूद थे।



रिपोर्ट के मुताबिक पानी के रिसाव के कारण इमारत जर्जर हो गई थी। घटना के बाद मौके पर राहत एवं बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश करते नजर आए। सीरिया के 11 साल के संघर्ष के दौरान अलेप्पो में अनेक इमारतें नष्ट हो गई हैं। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। राष्ट्रपति बशर असद के नेतृत्व वाली सीरिया सरकार ने अलेप्पो शहर को सशस्त्र विपक्षी समूहों के कब्जे से वापस अपने नियंत्रण में ले लिया है। शेख मकसूद कुर्द बलों के नियंत्रण वाले कुछ इलाकों में से एक है। अलेप्पो सीरिया का सबसे बड़ा शहर है और यह कभी सीरिया का वाणिज्यिक केंद्र था।

# बैंक लॉकर अनुबंध नवीनीकरण की समय-सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली/मुंबई,।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंक लॉकर अनुबंध नवीनीकरण की समय-सीमा बढ़ा दी है। आरबीआई ने लॉकर को लेकर ग्राहकों के साथ बैंकों को अनुबंध नवीनीकरण को चरणबद्ध तरीके से 31 दिसंबर, 2023 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि बैंकों को लॉकर अनुबंध नवीनीकरण एक जनवरी, 2023 से पहले इसको पूरा करने के लिए कहा गया था, लेकिन अब इस समय सीमा को बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2023 किया जा रहा है। हालांकि, इसको चरणबद्ध तरीके से पूरा करना होगा।

# इजराइल में प्रस्तावित कानून का विरोध, सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**येरुशलम।** इजराइल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने का अधिकार सरकार को देने संबंधी प्रस्तावित कानून का जोरदार विरोध हो रहा है। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट का निर्देश मानकर देश के गृहमंत्री को हटा दिया गया है।

इजराइल में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने देश के गृह व स्वास्थ्य मंत्री आरयेह डेरी को हटाने के निर्देश प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू को दिये थे। इसके बाद देश में न्यायिक बदलाव की बातें शुरू हो गई थीं। सरकार ने एक ऐसे कानून का प्रस्ताव किया था, जिसके पारित होने के बाद सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी पलटने का अधिकार मिल सकता है। नेतान्याहू सरकार अपने इस कदम को शक्ति असंतुलन से मुक्ति की राह करार दे रही है।

नेतान्याहू सरकार के इस प्रस्ताव के विरोध में इजराइल में प्रदर्शन होने शुरू हो गए हैं। लोग सड़कों पर उतर आए हैं। लोग इसे तानाशाही की ओर बढ़ता कदम करार दे रहे हैं। हजारों लोगों ने सरकार के खिलाफ



नारे लगाए। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह मान ली है। उन्होंने देश के गृह व स्वास्थ्य मंत्री आरयेह डेरी को पद से हटा दिया है। नेतान्याहू के इस कदम को प्रदर्शनकारियों के दबाव में उठाया गया कदम माना जा रहा है। वैसे कहा जा रहा है कि नेतान्याहू न्यायिक सुधार की प्रक्रिया को जारी रखेंगे।

# जेफ जाइंट्स बन सकते हैं व्हाइट हाउस के अगले चीफ ऑफ स्टाफ, जल्द हो सकता है नाम का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जल्द ही जेफ जाइंट्स को व्हाइट हाउस का अगला चीफ ऑफ स्टाफ बना सकते हैं। जेफ जाइंट्स मौजूदा चीफ ऑफ स्टाफ रोन क्लेन की जगह लेंगे, जो जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। सूत्रों के हवाले से यह खबर आई है। बता दें कि जेफ जाइंट्स इससे पहले कोरोना महामारी के दौरान कॉर्डिनेटर की भूमिका निभा चुके हैं। उन्हीं के नेतृत्व में कोविड के खिलाफ बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन प्रोग्राम चलाया गया था।

कोविड महामारी का सफलतापूर्वक कॉर्डिनेशन करने के बाद जेफ जाइंट्स ने बीते साल अप्रैल में व्हाइट हाउस छोड़ दिया था। हालांकि बीते दिनों अमेरिका में हुए मध्यावधि चुनाव के बाद रोन क्लेन की मदद के लिए उनकी व्हाइट हाउस में वापसी हुई थी। हाल के समय में रोन क्लेन ने जेफ जाइंट्स को कई जिम्मेदारियां दी थी, उसके बाद से ही जाइंट्स की चीफ ऑफ स्टाफ के पद का दावेदार बनने की चर्चाएं चल रहीं थी। जेफ जाइंट्स की व्हाइट हाउस में चीफ ऑफ स्टाफ पद पर नियुक्ति ऐसे वक्त हो रही है, जब जो बाइडेन सरकार ने सत्ता में दो साल पूरे कर लिए हैं। साथ ही जो बाइडेन के घर पर खूफिया दस्तावेज मिलने के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति विपक्ष के निशाने पर भी हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।